● जयपुर, बुधवार, 10 जुलाई 24 ● वर्ष 13 ● अंक 318 ● पृष्ठ : 8 ● मूल्य : 1 रुपये
www.chamaktarajasthan.in| Email : chamaktarajasthan8789@gmail.com
डाक पंजीयन संख्या: RJ/JPC/D19/2024-25
RNI. No. RAJHIND/2011/40950
दैनिक
राज्य तथा केंद्र द्वारा मान्यता प्राप्त
सच के साथ मजबूती से बढ़ाये क़दम
# चमकता राजस्थान
विज्ञापन के लिए : 93145 05000
जयपुर से प्रकाशित एवं प्रसारित
अजमेर, सीकर, झुंझनुं, सवाईमाधोपुर, चित्तौड़गढ़, बूंदी, धौलपुर, हिंडौन, भरतपुर, झालावाड़, जोधपुर, बीकानेर से प्रसारित

सुविचार

''सत्य को हज़ार तरीकों से बताया जा सकता है, फिर भी हर एक सत्य ही होगा।''
● स्वामी विवेकानंद

पेज @3 बोस बनाम ममता मामले की सुनवाई की...
पेज @4 सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में फिर धँसी रोड...
पेज @8 » मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार...

# नई दिल्ली में राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा हुए शामिल

चमकता राजस्थान

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा सोमवार को नई दिल्ली में आयोजित राजस्थान की राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवीन तकनीक का इस्तेमाल कर गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इसके साथ ही बैठक में सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा प्रदेश के लिए प्रस्तावित नवीन परियोजनाओं के संबंध में भी विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं अजय टम्टा सहित भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारी तथा राजस्थान के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद रहे।



## एक नजर

### विक्रम मिस्त्री ने संभाला विदेश सचिव का कार्यभार



**नई दिल्ली।** भारतीय राजनयिक विक्रम मिस्त्री ने सोमवार को विदेश सचिव का पदभार ग्रहण कर लिया। वह देश के 35वें विदेश सचिव बने हैं। इससे पहले उप राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार थे। विदेश मंत्रालय में प्रवक्ता रणदीप जायसवाल ने उनके पदभार ग्रहण करने की जानकारी साझा की। विक्रम मिस्त्री स्पेन, म्यांमार और चीन में भारत के राजदूत रहे हैं। उन्हीं के कार्यकाल में चीन के साथ भारत का गलवान घाटी को लेकर गतिरोध पैदा हुआ था जिसमें स्थिति को संभालने में उनकी बड़ी भूमिका रही थी। उन्होंने विनय मोहन क्वात्रा का स्थान लिया।

### मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की सीबीआई मामले में न्यायिक हिरासत 22 जुलाई तक बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने न्यायिक हिरासत बढ़ाने का आदेश दिया। आज मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने बीआरएस नेता के. कविता के खिलाफ सीबीआई की ओर से दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेने के मामले पर 22 जुलाई तक सुनवाई टाल दी है।

### बीएसएफ ने तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए को किया गिरफ्तार

**किशनगंज।** भारत-बांग्लादेश सीमा पर तारबंदी के बावजूद अवैध तरीके से भारत में घुसपैठ की कोशिश बांग्लादेशी घुसपैठियों की तरफ से लगातार की जा रही है। इस क्रम में सोमवार अहले सुबह तीन बांग्लादेशी घुसपैठिए को बीएसएफ के जवानों ने अवैध तरीके से भारतीय सीमा से बांग्लादेश की सीमा में प्रवेश कर रहे तीन बांग्लादेशियों को गिरफ्तार कर लिया। किशनगंज सेक्टर के तहत 72वीं बटालियन बीएसएफ के बीओपी बोर्रा के सतर्क जवानों ने तीनों को उस वक्त गिरफ्तार किया जब वो भारतीय सीमा से बांग्लादेश में प्रवेश करने की कोशिश कर रहे थे। गिरफ्तार लोगो से जब पूछताछ की गई तो तीनों बांग्लादेशी नागरिक निकले।

# पीएम मोदी के आह्वान पर एक पेड़ माँ के नाम अभियान बना जन आंदोलन: अमित शाह

## पूरे देश को ऑक्सीजन देने का काम करता है मध्यप्रदेश

भोपाल/एजेंसी

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने कहा है कि देश के प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के आ''ान पर प्रारंभ ष्एक पेड़ माँ के नामष् अभियान केवल अभियान न रहकर अब पूरे देश में जनआंदोलन बन गया हैं। यह अभियान हमारी माँ और धरती माँ के प्रति हमारी श्रद्धा के भाव का प्रकटीकरण हैं। आज पूरे देश में हर व्यक्ति अपनी माँ और धरती माँ दोनों के नाम से पौधा लगाकर उन्हें प्रणाम कर रहा है। मध्यप्रदेश का इंदौर पहले से स्वच्छता, स्वाद, सहयोग, सुशासन और सहभागिता के लिए जाना जाता हैं। आज से इंदौर एक पेड़ माँ के नाम अभियान में वृहद पौध-रोपण के लिए भी देश भर में जाना जाएगा। इंदौर मे 24 घंटे में 11 लाख पौधे रोपने का यह विश्व विक्रम पुण्य श्लोक देवी अहिल्याबाई की नगरी इंदौर को नए कीर्तिमान के साथ पूरे विश्व में प्रसिद्ध करेगा। उन्होंने कहा कि पौध-रोपण करना



सरल है, लेकिन उन्हें बड़ा करना कठिन। पौध-रोपण करने वाले सभी प्रतिभागियों से आग्रह है कि उनके द्वारा लगाएं गए पौधों का अपने बेटे की तरह पालन करें। यही वृक्ष आगे एक माँ की तरह आपकी चिंता करेगा। उन्होंने कहा कि 51 लाख पौधे लगाना और एक ही दिन में 11 लाख पौधे लगाना अपने आप में अभूतपूर्व हैं। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में अनूठे आयोजन के लिये इंदौरवासियों को शुभकामनाएं और बधाई दी।

केन्द्रीय गृह मंत्री श्री शाह आज इंदौर के रेवती रेंज पि-रसर में आयोजित एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत 11 लाख वृक्षारोपण के कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट, केंद्रीय मंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, सांसद श्री शंकर लालवानी, सांसद श्रीमती कविता पाटीदार, महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव, विधायकगण तथा सुप्रसिद्ध फिल्म अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा, फिल्म निर्देशक, निर्माता और लेखक श्री नीरज पाठक और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री श्री शाह ने विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि अभिनेता श्री रणदीप हुड्डा द्वारा चलचित्र के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर सावरकर जी को चिरंजीवी बनाने का काम किया है। अभिनेता श्री हुड्डा द्वारा केंद्रीय गृहमंत्री श्री शाह को पीतल से बनी न्याय संहिता भेंट की गई।

**इंदौर ने पेश की समन्वित प्रयासों की अनूठी मिसाल**

केंद्रीय गृह मंत्री श्री शाह ने कहा कि इंदौर स्मार्ट सिटी, मे-ट्रो सिटी, क्लीन सिटी, मॉडर्न एजुकेशन का हब बनने के बाद अब ग्रीन सिटी के नाम से भी जाना जाएगा। जन सहभागिता से ही किसी भी अभियान को सफल बनाया जा सकता है, जो इंदौर ने पुनः कर दिखाया है। पौध-रोपण के इस पुनित अभियान में इंदौर के युवा महापौर ने समाज के हर जाति, वर्ग को जोडने का काम किया है। इंदौर में पीपल, बरगद, नीम आदि लंबी आयु के पौधों के रोपण के साथ अमरूद, करोंद, सीताफल, आंवला जैसे औषधीय गुणों वाले पौधों का रोपण भी किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से की शिष्टाचार भेंट

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को नई दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा से शिष्टाचार भेंट की।
मुलाकात के दौरान दोनों नेताओं ने राजस्थान में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार तथा कृषि हेतु उर्वरकों की उपलब्धता के संबंध में विस्तार से चर्चा की।



## कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को 'सुप्रीम' झटका

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के उप मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। जस्टिस बेला एम त्रिवेदी की अध्यक्षता वाली बेंच ने डीके शिवकुमार पर दर्ज सीबीआई केस को रद्द करने से इनकार कर दिया। दरअसल, डीके शिवकुमार ने कर्नाटक हाई कोर्ट के फैसले को चुनौती देते हुए आय से अधिक संपत्ति मामले में सीबीआई द्वारा दर्ज किए गए केस को रद्द करने की मांग की थी। कर्नाटक हाई कोर्ट ने 10 फरवरी 2023 को डीके शिवकुमार के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति मामले की जांच पर रोक लगा दी थी।

## संसद सुरक्षा चूक के मामले में पूरक चार्जशीट दाखिल

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने संसद सुरक्षा चूक के मामले में यहां के पटियाला हाउस कोर्ट में पूरक चार्जशीट दाखिल की है। एडिशनल सेशंस जज हरदीप कौर ने मामले की अगली सुनवाई 2 अगस्त को करने का आदेश दिया। कोर्ट ने इस मामले के सभी आरोपितों की न्यायिक हिरासत 2 अगस्त तक के लिए बढ़ा दी। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कोर्ट को बताया कि आरोपितों के खिलाफ यूएपीए की धारा 13 के तहत अभियोजन की मंजूरी मिल गई है। दिल्ली पुलिस ने 7 जून को पहली चार्जशीट दाखिल की थी।

**तमाड़ : बिजली करंट की चपेट में आयी बारातियों से भरी बस**

# तीन की मौत, पांच की हालत गंभीर

संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची में रविवार रात बारातियों से खचाखच भरी एक बस बिजली तार के संपर्क में आ गई। इससे पूरी बस में करंट दौड़ गया। हादसे में बस की छत पर बैठे तीन लोगों की मौके पर मौत हो गई जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से झुलस गए। गंभीर रूप से झुलसे बारातियों को रांची के राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स) रेफर किया गया है।

बताया गया है कि यह बस सरायकेला जिले के कुचई थाना क्षेत्र के बारूहातु गांव से राजधानी

● **सरायकेला से तमाड़ के चोगागुटू जा रही थी बस**

रांची के तमाड़ थाना क्षेत्र के चोगागुटू जा रही थी। गांव में प्रवेश करने से पहले ही बस विद्युत तार के संपर्क में आ गई। मृतकों की पहचान दिनेश सिंह मुंडा (36), मुंडा (25) और जितेन सिंह मुंडा (12) के रूप में हुई है। हादसे के बाद दोनों पक्षों के बड़े-बुजुर्गों ने बैठकर बात की और तय किया कि शादी नहीं रुकनी चाहिए। इसके बाद किसी तरह से शादी संपन्न कराया गया।

लोगों ने बताया कि बस में 80 से 90 बाराती सवार थे। अंदर बस फुल थी। बस की छत पर भी काफी संख्या में लोग बैठे थे। करंट लगने के बाद बस पर सवार लोगों में चीख-पुकार मच गयी। तत्काल बस को रोककर उस पर सवार लोगों को सुरक्षित उतारा गया। घायल हुए पांच लोगों को अस्पताल पहुंचाया गया। घायलों में लंबार मुंडा, शंकर मुंडा, सुभाष मुंडा, उपेन मुंडा और चरण मुंडा हैं। बारातियों ने बताया कि इस दुर्घटना की खबर लड़की वालों को हुई तो वे भी गमगीन हो गए।

# नेपाल में अब ओली सरकार, चौथी बार बने पीएम

एजेंसी

**काठमांडू।** नेपाल के नवनियुक्त प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने सोमवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में आयोजित समारोह में राष्ट्रपति रामचन्द्र पौडेल ने शपथग्रहण कराया।

केपी शर्मा ओली ने चौथी बार नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। नेपाल में संविधान जारी करने के बाद यह तीसरी बार है जब उन्होंने शपथ ली है। संविधान जारी होने के बाद पहले कार्यकाल में दो बार और संविधान सभा के दौरान एक बार पहले भी ओली प्रधानमंत्री बन चुके हैं। इस बार नेपाली कांग्रेस के समर्थन से वो

● **दो उप प्रधानमंत्री सहित 22 मंत्रियों ने लिया शपथ**



प्रधानमंत्री बने हैं।

प्रधानमंत्री ओली के साथ दो उप प्रधानमंत्रियों ने भी आज शपथ ली है। नेपाली कांग्रेस से प्रकाशमान सिंह ने शहरी विकास मंत्रालय के साथ उप प्रधानमंत्री पद की शपथ ली तो एमाले पार्टी से वित्त मंत्रालय के साथ विष्णु पौडेल ने उप प्रधानमंत्री पद की शपथ ली।

इनके अतिरिक्त 19 कैबिनेट मंत्रियों को ओली मंत्रिमंडल में शामिल किया गया है। आज शपथ लेने वाले मंत्रियों में नेपाली कांग्रेस से 9, नेकपा एमाले से 8, जनता समाजवादी पार्टी से 2 और लोकतान्त्रिक समाजवादी पार्टी से एक मंत्री ने शपथ ली है। इनमें कांग्रेस से आरजू राणा ने विदेश मंत्री, रमेश लेखक ने गृहमंत्री, दीपक खड्का ने ऊर्जा, अजय चौरसिया ने कानून, प्रदीप पौडेल ने स्वास्थ्य, बद्री पाण्डे ने पर्यटन तथा नागरिक उड्डयन, तेजुलाल चौधरी ने युवा तथा खेलकूद, रामनाथ अधिकारी ने कृषि और ऐन बहादुर महर ने वन मंत्री के रूप में शपथ ली है। इसी तरह एमाले की तरफ से पृथ्वीसुब्बा गुरूंग ने सूचना तथा संचार, विद्या भट्टराई ने शिक्षा, दामोदर भण्डारी ने उद्योग, देवेन्द्र दाहाल भौतिक पूर्वाधार, राज कुमार गुप्ता संसदीय कार्य मंत्रालय, मानवीर राई, बलराम अधिकारी भूमि व्यवस्था मंत्रालय की शपथ ली है। छोटे दलों से शरत सिंह भण्डारी ने श्रम, पिरदीप यादव ने पेयजल, नवल किशोर साह ने महिला, बालबालिका तथा ज्येष्ठ नागरिक मंत्री के रूप में शपथ ग्रहण किया।

**नीट पेपर लीक से जुड़ा मुद्दा** **नीट की नई स्थानांतरण याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने जारी किया नोटिस**

# हाई कोर्ट में लंबित याचिकाएं स्थानांतरित की

● **18 जुलाई को होगी सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को कहा कि मेडिकल और कुछ अन्य विषयों में स्नातक स्तर की कक्षाओं में दाखिले के लिए पांच मई को आयोजित राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) 2024 में कथित अनियमितताओं को उच्च न्यायालयों में चुनौती देने वाली याचिकाओं को वह अपने पास पहले से सूचीबद्ध इसी प्रकार की अन्य याचिकाओं के साथ 18




जुलाई को सुनवाई करेगा।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने एनटीए की याचिका पर यह आदेश पारित करते हुए कहा कि अदालत वंशिका यादव और अन्य के मामले के साथ गुरुवार 18 जुलाई को इस (उच्च न्यायालय में दायर संबंधित याचिका पर) मामले की सुनवाई करेगी।

पीठ ने एनटीए द्वारा दायर स्थानांतरण याचिका (उच्च न्यायालय से उच्चतम न्यायालय में) को नीट यूजी 2024 में अनियमितताओं और मेडिकल प्रवेश परीक्षा की दोबारा परीक्षा की मांग से संबंधित लंबित मामले के साथ जोड़ने का आदेश दिया।

पीठ ने कहा, 'हम गुरुवार को इस पर विचार करेंगे।' एनटीए के अधिवक्ता ने दलील दी कि शीर्ष अदालत को स्थानांतरण याचिका में नोटिस जारी करना चाहिए, क्योंकि राजस्थान उच्च न्यायालय इस मामले में आगे की सुनवाई करने जा रहा है। इस पर पीठ ने विभिन्न संबंधित पक्षों को नोटिस जारी किया और इसे अपने समक्ष लंबित अन्य मामलों के साथ जोड़ दिया।

शीर्ष अदालत वर्तमान में देशभर के सरकारी और निजी संस्थानों में एमबीबीएस, बीडीएस और आयुष तथा अन्य कुछ संबंधित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए एनटीए द्वारा 5 मई को आयोजित की गई नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा है।

केंद्र सरकार ने हाल ही में शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपने हलफनामे में कहा था कि आईआईटी मद्रास के संबंधित विशेषज्ञों द्वारा नीट के आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला कि परीक्षा में बड़े पैमाने पर कोई गड़बड़ी नहीं हुई है।

## मंत्रालय ने तीन कोयला खदानों के लिए समझौतों पर किए हस्ताक्षर

**नई दिल्ली।** कोयला मंत्रालय ने आज 7वें दौर के दूसरे प्रयास के अंतर्गत नीलाम की गई तीन कोयला खदानों के लिए कोयला खनन विकास और उत्पादन समझौतों को सफलतापूर्वक निष्पादित किया। यह वाणिज्यिक कोयला खनन की सफलता में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। तीन खदानों में से दो आंशिक रूप से खोजी गई हैं, जबकि एक पूरी तरह अन्वेषित है। मंत्रालय के अनुसार समझौते किए गए खदानों हैं मच्छकटा (संशोधित) कोयला खदान, कुडनाली लुबरी कोयला खदान और सखीगोपाल-बी काकुरही कोयला खदान। सफल बोलीकर्ता क्रमशः एनएलसी इंडिया लिमिटेड, गुजरात मिनरल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड और तमिलनाडु जेनरेशन एंड डिस्ट्रीब्यूशन कॉरपोरेशन लिमिटेड हैं। इन खदानों के चालू होने पर लगभग 40,560 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार सृजित होंगे।

**ट्रायल कोर्ट से केजरीवाल को मिली जमानत का मामला**

# ईडी की चुनौती पर सात अगस्त को हाई कोर्ट में होगी सुनवाई

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को ट्रायल कोर्ट से मिली जमानत को चुनौती देने वाली ईडी की याचिका पर सोमवार को सुनवाई टाल दी है। हाई कोर्ट ने 7 अगस्त को इस मामले पर अगली सुनवाई करने का आदेश दिया।

आज केजरीवाल के वकील विक्रम चौधरी ने कहा कि कल देर रात ईडी ने अपना जवाब दाखिल किया, जिसे हम पढ़ नहीं सके हैं। चौधरी ने सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम जमानत पर रिहा करने के आदेश को भी हाई कोर्ट के सामने रखा। इस मामले में ट्रायल कोर्ट ने संज्ञान भी लिया है। इसलिए हमें जवाब देने के लिए समय दिया जाए। कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की वकीलों से साथ लीगल मुलाकात की संख्या बढ़ाने की मांग वाली याचिका पर कल यानी 16 जुलाई को सुनवाई का आदेश दिया।

सुनवाई के दौरान 10 जुलाई को ईडी ने केजरीवाल की ओर से दाखिल जवाब के उत्तर में जवाब दाखिल करने के लिए समय देने की मांग की थी। केजरीवाल ने अपने जवाब में कहा था कि ट्रायल कोर्ट की ओर से मिली जमानत को निरस्त करना न्याय के साथ खिलवाड़ होगा।

# ट्रंप पर हमला और मोदी-राहुल कनेक्शन

अमेरिका में सर्वोच्च पद पर बैठे लोगों को निशाना बनाकर राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। अब तक चार अमेरिकी राष्ट्रपतियों की हत्या हो चुकी है। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप जब पेसिंलवेनिया में चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे, तभी कम से कम पांच राउंड गोलियां चलीं। भीड़ के शोर के बीच ट्रंप अपना दाहिना कान ढंकते हुए जमीन पर लेट गए। फिर कुछ मिनट बाद सुरक्षाकर्मियों की घेराबंदी में ट्रंप खड़े हुए तो उनके दाहिने गाल पर खून की धार बहती दिख रही थी। ट्रंप खुशकिस्मत हैं जो बच गए ।लोकतांत्रिक देश अमेरिका की तरह ही भारत में भी राजनीतिक हिंसा का इतिहास पुराना है। भारत ने भी समय-समय पर राजनीतिक हिंसा के शिकार हुए अनेक श्रेष्ठ, योग्य और अनुभवी लोगों को खोया है। भारत को स्वाधीन हुए अभी छह महीने भी पूरे नहीं हुए थे कि महात्मा गांधी की हत्या ने दुनिया को हिला दिया था। इस एक हत्या के बाद जैसे भारत में भूचाल आ गया, उसके बाद कई लोग राजनीतिक रूप से शिकार बनाए गए। जिसकी की सूची बहुत लम्बी है। फिर भारत जब पाकिस्तान को युद्ध के मैदान में करारी शिकस्त देकर दुनिया के सामने अपनी ताकत का लोहा मनवा रहा था, तभी वह घटना घटी जिसने एक बार संपूर्ण देश में शोक की लहर दौड़ा दी थी। दरअसल, पाकिस्तान सेना ने भारत के चंबा सेक्टर पर हमला बोला, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री ने भारतीय सेना को पंजाब से मोर्चा खोलने का आदेश दे दिया। परिणाम यह हुआ कि भारतीय सेना ने सितंबर 1965 में लौहार तक के क्षेत्र को अपने आधीन कर लिया था, ऐसे में पाकिस्तान यूनाइटेड नेशंस के पास गुहार लगाने पहुंचा, जिसके बाद 23 सितंबर 1965 को यूएन के हस्तक्षेप के परिणाम स्वरूप भारत ने युद्धविराम की घोषणा कर दी थी और यहीं से एक नई कहानी ताशकंद की शुरुआत होती है। सोवियत संघ के तत्कालीन प्रधानमंत्री एलेक्सेई कोजिगिन ने दोनों देशों के बीच समझौते की पेशकश की थी। उन्हीं के कहने पर 10 जनवरी 1966 का दिन ताशकंद में समझौते के लिए तय किया गया और इस समझौते पर हस्ताक्षर के बाद प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का 11 जनवरी की रात में रहस्यमयी परिस्थितियों में निधन हो गया। उजबेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में हुई उनकी मौत को लेकर कहा जाता है कि हार्ट अटैक से नहीं उन्हें जहर दिया गया था। उनकी मौत का रहस्य अभी भी बना हुआ है। किंतु शास्त्री की मौत ने भारत को अंदर तक हिला दिया था।

इस मौत के बाद वस्तुत: स्वाधीन भारत में हुई राजनीतिक हत्याओं में तीसरा सबसे बड़ा नाम इंदिरा गांधी का है। उन्होंने पंजाब में आतंकवाद खत्म करने के लिए ऑपरेशन ब्लूस्टार चलाया, जिसमें कि आतंक का नेतृत्व कर रहा भिंडरावाला मारा गया, लेकिन उसकी परिणति यह रही कि इंदिरा प्रियदर्शनी गांधी, भारत की तीसरी प्रधानमंत्री को 31 अक्टूबर 1984 को प्रधानमंत्री निवास में उन्हीं के सुरक्षाकर्मियों ने गोलियां से छलनी कर दिया। इसके बाद देश के प्रधानमंत्री बने राजीव गांधी भी हत्या के शिकार हुए, उनकी हत्या के पीछे लिट्टे का हाथ होना सामने आया। इन अहम हत्याओं के साथ ही देश में कई चर्चित राजनीतिक हत्याएं होना समय-समय पर सामने आता रहा है, किंतु बात यहां जो शुरू हुई है, ट्रंप पर हुए हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी-नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के कनेक्शन की, तो इस बात की गंभीरता ऊपर वर्णित राजनीतिक हत्याओं और उसके लिए उकसानेवाले कारणों में खोजा जाना वर्तमान में अति आवश्यक हो गया है। वस्तुत: यह खोज हर उस स्तर पर आवश्यक है आखिर कैसे देश के सर्वोच्च पद पर बैठे किसी व्यक्ति की सुरक्षा में चूक की जा सकती है। सभी को वह दृश्य याद आता है, जिसके कि फुटेज तक मीडिया ने दिखाए कि किस तरह से भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सुरक्षा को पंजाब में हल्के में लिया गया था। आखिर क्यों राहुल गांधी जो स्वयं आज एक जिम्मेदार पद पर बैठे हैं, वे प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ आम जनता को हिंसा करने के लिए बार-बार उकसा रहे हैं। ऐसे में उनसे यह जरूर पूछा जाना चाहिए कि यदि कोई अनहोनी होती है, तो क्या वे इसकी जिम्मेदारी स्वयं लेंगे? वस्तुत: भारतीय जनता पार्टी के सूचना एवं प्रौद्योगिकी (आईटी) विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने ट्रंप पर हमले की गांधी द्वारा निंदा किए जाने के बाद 'एक्स' पर एक पोस्ट करते हुए आज सभी का ध्यान इस ओर दिलाया है, यह अच्छी बात है कि मालवीय ने इस मामले में सभी को पहले से ही आगाह किया है, यहां इनके कहे शब्दों की गंभीरता अब हम सभी को समझनी होगी। उन्होंने कहा, ₹तीसरी बार फेल हुए राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ हिंसा को अक्सर प्रोत्साहित किया है और उन्हें जायज ठहराया है। भारत कैसे भूल सकता है कि कांग्रेस के नेतृत्व में पंजाब पुलिस ने जानबूझकर प्रधानमंत्री की सुरक्षा से समझौता किया था, जब उनका काफिला एक फ्लाईओवर पर फंसा हुआ था।₹

अमित मालवीय ने राहुल गांधी के पूर्व के कुछ बयानों को जोड़कर तैयार किए गए एक वीडियो को साझा करते हुए यह भी बताया है कि राहुल गांधी ने मोदी के खिलाफ 'तानाशाह' जैसी बयानबाजी की है और ट्रंप के आलोचक डेमोक्रेट नेता और अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन भी यही करते हैं। यानी कि जब नेता आम जनता को हिंसा के लिए उकसाते हैं, तो उसकी परिणति इसी प्रकार ट्रंप पर हुए हमले के रूप में होती है या भारत समेत दुनिया के किसी भी हिस्से में हुई राजनीतिक हत्या और हिंसा के रूप में सामने आती है। अमेरिका में भी आज यही सामने आ रहा है कि हत्या के प्रयास के बाद ट्रंप के कई समर्थकों ने यह महसूस किया है और वे यह खुलकर बोल भी रहे हैं कि उन (ट्रंप) के प्रतिद्वंद्वियों द्वारा उन्हें (ट्रम्प को) बदनाम किए जाने से उनके खिलाफ नफरत का माहौल पैदा हो गया है और यह नफरती माहौल पैदा किया जा रहा है, जिसका कि परिणाम गोलीबारी के रूप में अभी सब के सामने आया है। ट्रंप के विरोधियों (आलोचकों) ने तर्क दिया है कि लोकतंत्र (ट्रंप की वजह से) खतरे में है। यही भारत में आज प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ होता हुआ दिखाई देता है, यहां भी विपक्ष मोदी के खिलाफ 'संविधान खतरे में है' का नारा लगाकर एक झूठा नैरेटिव गढ़ने में लगा है। जिसके कि राहुल गांधी अगुवा हैं। अमित मालवीय के शब्दों में कहें तो ₹अमेरिका में नस्ल की तरह जाति को भारतीय समाज में दरार पैदा करने के लिए हथियार बनाया गया। विरोधियों को खलनायक की तरह पेश करना और उन्हें तानाशाह कहना भी संयोग नहीं है।

# समानता के बगैर लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं



अरुण कुमार दीक्षित

भारतीय राजनीतिक चिंतन की परंपरा पाश्चात्य राजनीतिक चिंतन से अधिक पुरानी है। भारत में राजतंत्र और गणतंत्र शासन व्यवस्था प्राचीन हैं। कौटिल्य ने राज्य को अपने आप में साध्य मानते हुए समाज में सर्वोच्च स्थान दिया है। उन्होंने राजा के कार्य क्षेत्र को अत्यंत विस्तृत बताया है। कौटिल्य ने राज्य की संपूर्ण संस्थाओं को मनुष्य के आध्यात्मिक सांस्कृतिक और आर्थिक कल्याण का साधन बताया है। सुझाव दिया है कि राजा को आग, बाढ़, महामारी, अकाल और भूकंप जैसी दैवीय विपत्तियों का निवारण करना चाहिए। राजा को चाहिए कि प्रजा के प्रति पुत्रवत आचरण करे। राज्य में अपराधियों के लिए दंड, बाहरी शत्रुओं से रक्षा, राज्य की आंतरिक व्यवस्था एवं न्याय की रक्षा प्रमुख बताया है।

18वीं लोकसभा का गठन कुछ दिन पूर्व हुआ है। भाजपा के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिकगठबंधन तीसरी बार केंद्र की सत्ता में आया है। लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पिछले दिनों पूरे देश के लोगों ने संचार माध्यमों के जरिए देखी। संसद के भीतर के दृश्य काफी निराशाजनक रहे। प्रत्येक लोकसभा और राज्यसभा सदस्य का यह कर्तव्य है कि वह भारतीय संविधान की उद्देशिका में वर्णित तथ्यों के अनुसार आचरण करे। उद्देशिका में कहा गया है कि हम भारत के लोग भारत को (एक संपूर्ण प्रभुत्व संपन्न समाजवादी पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए, तथा उसके समस्त नागरिकों की, सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और स्वतंत्रता प्रतिष्ठा के अवसर की समता राष्ट्र की एकता और अखंडता बंधुता बढ़ाने के लिए दृढ़ संकल्पित होकर अधिनियमित आत्मार्पित करते हैं।

भारत के संविधान के अनुसार सदन के सदस्यों का आचरण होना ही मर्यादा है। बीते कुछ समय से ऐसा नहीं हो रहा है। भारी भरकम धनराशि खर्च कर चलने वाले लोकसभा सदन में हंगामा है। शोर शराबा की स्थिति बढ़ी है। यहां तक की शपथ ग्रहण के अवसर पर विभिन्न सांसदों ने शपथ की निर्धारित शब्दावली के अतिरिक्त विशेष विचार धारा से जुड़े हुए नारे लगाए। जो संविधान सम्मत नहीं कहे जा सकते। इस पर सदन को विचार करना होगा। संसद का सदन सुचारु रूप से चले, इसकी जिम्मेदारी सत्तापक्ष और विपक्ष दोनों की बराबर होती है। मगर सत्ता पक्ष और विपक्ष में सकारात्मक चर्चा का अभाव देखा जा रहा है। लोकतंत्र में सशक्त विपक्ष का होना शुभ माना जाता है। होना यह चाहिए कि पक्ष और विपक्ष दोनों मिलकर राष्ट्र के लोगों को समता समृद्धि के अवसर बगैर दलीय,जातीय,पंथिक पूर्वाग्रह के उपलब्ध कराने की कार्रवाई करें। राष्ट्र को शक्तिशाली समृद्धशाली बनाने में कोताही न बरतें।

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा हिंदुओं को लेकर की गई टिप्पणी से संसद की गरिमा को ठेस पहुंची है। अब यह कहा जा रहा है कि उन्होंने भाजपा के लोगों को लक्ष्य कर ऐसी टिप्पणी की है ।संपूर्ण हिंदुओं पर नहीं की। लोकसभा भारत का हृदय स्थल है। किसी भी दल के लोकसभा व राज्यसभा के सदस्यों द्वारा भारत को आहत करने वाली टिप्पणियों को क्या जायज ठहराया जा सकता है? उत्तर होगा नहीं। मगर ऐसा प्रायः होता आ रहा है। इतना ही नहीं, आंध्र प्रदेश के लोकसभा सदस्य असदुद्दीन ओवैसी द्वारा एक अन्य देश का नाम लेकर लोकसभा सदन में जिंदाबाद कहा गया। यह और शर्मनाक घटना है और सीधे-सीधे भारत की संप्रभुता पर हमला है। लोकसभा के भीतर और बाहर कुछ भी बोलने के विरुद्ध आचार संहिता को कठोर बनाया जाना चाहिए, अन्यथा की स्थिति में यह भारत विरोधी कार्रवाई रुकने वाली नहीं है। यह भी उल्लेखनीय है कि राष्ट्र के ज्वलंत मुद्दों पर चर्चा से पीछे हटना भी देश के लोग देख रहे हैं। यह आरोप विपक्ष पर सत्ता पक्ष और सत्ता पक्ष पर विपक्ष लगा रहा है। संविधान विशेषज्ञों द्वारा इस पर चिंता व्यक्त की जा रही है। देश की जनता जिन महानुभावों को अपने जनप्रतिनिधि बनाकर लोकसभा में भेजा है। वह भारत का स्व नहीं देख पा रहे हैं। जो समाज राष्ट्र अपना स्व भूल जाता है, वहां खतरनाक स्थिति हो जाती है। वह मात्र चुनाव में सफल होने को ही बड़ा अधिकार और कर्तव्य मान रहे हैं जबकि संविधान में अधिकारों के साथ कर्तव्य भी साथ-साथ अधिष्ठापित हैं। राजनीतिक दलों को चाहिए कि वह अपने चुने हुए जनप्रतिनिधियों को राष्ट्र के प्रति निष्ठा कर्तव्य अधिकार जनता के प्रति मजबूत जवाबदेही, स्वास्थ्य, शिक्षा, जीवन रक्षा, राष्ट्रीय सुरक्षा, नैतिक शिक्षा, पर्यावरणीय पारिस्थितिकी, नदियां, पहाड़, जंगल, पौराणिक धार्मिक पंथिक आस्थाओं एवं राजनीतिक प्रशिक्षण के उपाय पर विचार करें।

पं. जवाहरलाल नेहरू संसदीय लोकतंत्र के सिद्धांत और व्यवहार के प्रबल समर्थक थे। उन्होंने लोकतंत्र के सिद्धांत को महात्मा गांधी के नैतिकता के सिद्धांत के साथ मिलकर नया रूप देने की कोशिश की। उनकी दृष्टि में लोकतंत्र अपने आप में साध्य नहीं था, बल्कि वह भारत के लाखों-करोड़ों लोगों के दुख-दर्द और गरीबी दूर करने का साधन मात्र था। (ओपी गाबा की पुस्तक राजनीति राजनीति-चिंतन की रूपरेखा पेज संख्या 344)

पं.नेहरू ने सन 1936 में लार्ड लोथियन को लिखे गए एक पत्र में कहा कि मैं व्यक्तिगत रूप से राजनीतिक लोकतंत्र को केवल इस आशा से स्वीकार करने के लिए तैयार हूं कि उसका परिणाम सामाजिक लोकतंत्र होगा। नेहरू ने लोकतंत्र के साथ स्वतंत्रता और समानता के अटूट संबंधों को भी स्वीकार किया है। समानता के बगैर स्वतंत्रता और लोकतंत्र का कोई अर्थ नहीं है। डॉ. आंबेडकर के समानता को लेकर विचार हैं कि राजनीतिक क्षेत्र में तो हम एक व्यक्ति,एक वोट,एक मूल्य कर देंगे, परंतु हमारा सामाजिक आर्थिक ढांचा इससे नहीं बदल जाएगा,जिससे एक व्यक्ति,एक मूल्य के सिद्धांत को सार्थक किया जा सके। समानता का सिद्धांत सच्चे अर्थों में तभी सार्थक होगा,जब मानव जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में राजनीतिक,सामाजिक और आर्थिक तीनों क्षेत्रों में प्रत्येक व्यक्ति की मूल्यवत्ता को साकार किया जा सके। गांधी ,लोहिया और आंबेडकर चाहते थे कि लोकतंत्र के बगैर समानता के कोई अर्थ नहीं है। तब सभी महानुभावों को यह बात समझनी चाहिए कि लोकतांत्रिक व्यवस्था ही हमारे राष्ट्र जीवन में अच्छे परिवर्तन लाने वाली है। हमारा संविधान ही सर्वोत्तम है। संविधान से बड़ा कोई नहीं है। भारत के लोकतंत्र की विश्व में प्रतिष्ठा है। संविधान के प्रति निष्ठा अधिकतम आदर्श स्थिति तक ले जाती है। किसी विषय पर केंद्रित होकर सकारात्मक चर्चा नहीं हो पा रही है। हो सकता है कि कुछ राजनीतिक बिंदुओं पर विपक्ष और सत्ता पक्ष एक राय न हो। राष्ट्र की अस्मिता से जुड़े मुद्दों पर पक्ष-विपक्ष को राजनीति न कर राष्ट्रीय हितों के मुद्दों पर एक साथ होना चाहिए। गठबंधन सरकारें पहले भी रही हैं। अटल बिहारी वाजपेयी और नरसिम्हा राव की भी सरकारें गठबंधन से ही बनी थीं। इस बार भी गठबंधन सरकार है, मगर आज की स्थिति भिन्न है। लगता है विरोध के स्थान पर शत्रु भाव बढ़ता जा रहा है। ऐसी कटुता संसदीय मर्यादा के लिए ठीक नहीं है। भारत वासियों के सपनों को हर हाल में पूरा करने के लिए संसद की गरिमा को बचाए रखने के लिए विचार मंथन करना होगा। लोकतांत्रिक व्यवस्था में विपक्ष की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाती है। विपक्ष को चाहिए कि राष्ट्र की मूलभूत समस्याओं को लोकसभा में रखें। लगातार सरकार के कामकाज पर दृष्टि रखें। किसी भी तरह से लोगों का अहित न होने पाए। लोकहित के प्रश्नों को सदन में रखना चर्चा करना, सरकार की रचनात्मक आलोचना करना, नए कानून या संशोधन में अपनी राय देना जैसे महत्वपूर्ण कार्य होते हैं। सवाल उठता है कि विपक्ष और सत्ता पक्ष मिलकर क्या जनहित के किसी विषय पर कोई आदर्श स्थिति बना सकते हैं। मगर विपक्ष अभी तक किस दिशा में जा रहा है, वह स्वयं नहीं तय कर पाया है। एक मजबूत विपक्ष की जिम्मेदारी होती है कि सदन के भीतर से लेकर बाहर तक यहां तक की गांव में भी सत्ता पक्ष द्वारा लिए जा रहे किसी निर्णय पर चर्चा कर सकता है। विपक्ष के दिशाहीन होने से बड़े नुकसान हो सकते हैं। भ्रामक प्रचार और सस्ती लोकप्रियता से काम चलने वाला नहीं है।

**(लेखक, हिन्दुस्थान समाचार से संबद्ध हैं।)**

# भारतीय परंपराओं के अनुपालन से देश बढ़ रहा है आगे



प्रह्लाद सबनानी

भारत जो किसी वक्त में सोने की चिड़िया रहा है जिसका किसी वक्त में वैश्विक अर्थव्यवस्था में बहुत बड़ा योगदान रहा है, उस भारत के गुलाम होने के बाद उसकी अर्थव्यवस्था को मुगलों ने एवं अंग्रेजों ने तहस-नहस किया है। भारत का सनातन चिंतन जितना अधिक शक्तिशाली था गुलामी के उस दौर में उस पर किए गए आक्रमण उसे कमजोर बनाने में कामयाब रहे। परंतु, अब समय आ गया है कि भारत के प्राचीन आर्थिक चिंतन को गंभीरता के साथ देखते हुए वर्तमान आर्थिक विकास की दृष्टि को उसके साथ सामंजस्य स्थापित करना चाहिए तभी जाकर आर्थिक विकास की दृष्टि से भारत के वैभवकाल को पुनः प्राप्त किया जा सकेगा। भारत में प्राचीन ऋषियों और मनीषियों की परंपरा एक गृहस्थ परंपरा रही है और उस गृहस्थ परंपरा में आध्यात्म के साथ-साथ सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक चिंतन भी जुड़ा रहा है। अपने राज्य के ऋषियों के जीवन यापन की चिंता जहां राजा की प्राथमिकता में रहता था वहीं राजा को राज्य चलाने के लिए उचित मार्गदर्शन देने का सांस्कृतिक कार्य उन ऋषि-मुनियों द्वारा किया जाता था। इसलिए उन मनीषियों का चिंतन आर्थिक दिशा में भी सदैव बना रहता था। राजा अपने राज्य का विस्तार करने के साथ-साथ उसे आर्थिक रूप से और अधिक समृद्ध कैसे बनाएं इसके बारे में ऋषि-मुनियों के साथ बैठकर ही राज दरबार में चिंतन होता था और राज्य आर्थिक रूप से सशक्त बन जाते थे। इसलिए भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता था। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों एवं धार्मिक पर्यटन का भारत के आर्थिक विकास पर पूर्ण प्रभाव रहा है। प्राचीन भारत में धार्मिक आयोजनों से अर्थव्यवस्था को बल मिलता रहा है इसलिए उस कालखंड में धार्मिक आयोजन निरंतर होते रहे हैं। भारत की ऋषि परंपरा ने जन सामान्य को उन सबके साथ जोड़ कर रखा था। त्यौहारों की निरंतरता और उन्हें मनाए जाने का उत्साह भारत की तत्कालीन अर्थव्यवस्था को गति देता रहा है। आज के वक्त में भी धार्मिक पर्यटन के चलते भारतीय पर्यटन उद्योग में रोजगार के नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। वर्तमान केंद्र सरकार के द्वारा भी पिछले 10 वर्षों में भारत में विभिन्न तीर्थस्थलों को विकसित किया जा रहा है। अभी तक जो तीर्थस्थल विकसित हो चुके हैं,वहां का पर्यटन एकदम से कई गुना बढ़ गया है। वहां की आर्थिक समृद्धि बढ़ गई है। वहां के लोगों का जीवन स्तर बढ़ गया है। वहां संपत्तियों के दाम बढ़ गए हैं। इसलिए इस दिशा में सरकार अब आगे और कार्य करने जा रही है तथा कई नवीन धार्मिक कारीडोर बनाने जा रही है,क्योंकि इससे रोजगार के लाखों नए अवसर उत्पन्न होंगे। भारत की कुटुंब व्यवस्था अपने आप में एक अनूठी कुटुंब व्यवस्था है। भारत के संयुक्त परिवार विश्व के लिए आश्चर्य का विषय रहे हैं। इन दिनों संयुक्त परिवार विघटित अवश्य होते जा रहे हैं,लेकिन बावजूद उसके आपातकाल में एक दूसरे के लिए सबके एकत्र होने की जो जिजीविषा उन सबके भीतर है वह भारत में कुटुंब व्यवस्था का अनूठा स्वरूप है, तथा यह स्वरूप देश की अर्थव्यवस्था को भी आगे बढ़ाने का काम करता है। एक परिवार में दो हाथ कमाने जाते हों और वहीं दस हाथ कमाने जाते हों, दोनों बातों का फर्क होता है। इसलिए कुटुंब व्यवस्था में एक दूसरे के लिए आपस में खड़े होने का जो व्यवहार होता है,वह व्यवहार आर्थिक चिंतन के साथ भी जुड़ कर परिवार को आगे बढ़ाने का काम करता है। भारत में प्राचीन काल से पर्यावरण को पर्याप्त महत्व दिया जाता रहा है। देश में नदियां शुद्ध रहती थी वृक्ष घने जंगलों के रूप में रहते थे और पूरा पर्यावरण शुद्ध रहता था। पूरे विश्व में भारत एकमात्र ऐसा देश है जहां पर नदियों को,वृक्षों को,धरती को पूजा जाता है। पूरे पर्यावरण से परिवार का जुड़ाव धार्मिक रूप से रहता है। बहुत सारे व्रत और त्यौहार पर्यावरण से जुड़े हुए रहते हैं। इसलिए सनातन काल से भारत में पर्यावरण की चिंता रही है। जैविक विविधता ने भी भारत के सनातन काल को समृद्ध किया। पर्यावरण संरक्षण को उस समय में नैतिक कर्तव्य माना गया है। बाद में जब मुगलों ने भारत में शासन किया और हिंदुओं का धर्मांतरण किया तो बहुत सारी परंपराएं भी खंडित होने लगी। सनातन काल में जिस गौ माता को पूजा जाता था मुस्लिम उस गौ माता को खाने लगे। मुस्लिम शासन काल भारत के पतन और विखंडन का समय था। उनके बाद जब इस देश में अंग्रेज आ गए तो उनकी निगाह में भारतीय अपरिपक्व और मूर्ख रहे इन दोनों के समय में, मुगलों ने और अंग्रेजों न भारत को दोनों हाथों से लूटकर खाली कर दिया। जो भारतीय अर्थव्यवस्था कभी विश्व की अर्थव्यवस्था का 33 प्रतिशत हिस्सा थी वह बहुत नीचे जा चुकी थी। पर्यावरण बिखरने लगा। नालंदा जैसे विश्वविद्यालय को नुकसान पहुंचाया गया। उसकी लाइब्रेरी को जला दिया गया। इस सब के पीछे भारत को ज्ञान के स्तर पर समाप्त करने की साजिश काम कर रही थी। मुस्लिम शासक हिंदुओं के धर्मांतरण पर, हिंदुओं को मारने पर और उनकी संपत्ति हड़पने पर काम कर रहे थे। ऐसा कहा जाता है कि औरंगजेब ब्राह्मणों को मारकर रोज सवा मन जनेऊ जलाता था। मंदिरों को नष्ट कर उन पर मस्जिदें बना दी गई। दक्षिण ने अपने आपको इस मुस्लिम आक्रमण से बहुत बचाया और इसीलिए भारत के दक्षिण भाग में आज भी समृद्ध मंदिर हैं,जो उस कालखंड के गौरव की प्रस्तुति के रूप में हमारे सामने खड़े हुए हैं। इसी कालखंड में भारत का भक्ति काल जरूर समृद्ध हुआ और उसने भारत के निवासियों को मानसिक ताकत प्रदान की। तुलसीदास की भक्ति के सामने अकबर जैसा आदमी डर गया और झुक गया।

भारत की आजादी की लड़ाई तो सफलतापूर्वक लड़ी गई परंतु एक दुष्परिणाम भारत विभाजन के रूप में भी सामने आया,जिसमे लाखों हिंदुओं का नरसंहार हुआ। आजादी के 70 वर्ष में भारत की वह आर्थिक उन्नति नहीं हो पाई जैसी कि अपेक्षा की गई थी। वर्ष 2014 में केंद्र में एक मजबूत सरकार ने शासन को संभाला। कठोर आर्थिक निर्णय लिए। जनता का भी उन्हें साथ मिला तथा लगभग 10 वर्ष के कार्यकाल में भारत की अर्थव्यवस्था विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हो गई। वर्तमान सरकार के समक्ष बहुत बड़ी बड़ी चुनौतियां हैं और आज भारत, बहुत सी विदेशी ताकतों एवं उनके षड्यंत्रों के साथ जूझ रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है कि जो संकल्प लेकर भारतीय परम्पराओं के अनुरूप सरकार काम कर रही है, उसमें भारत की अर्थव्यवस्था शीघ्र ही विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी।

यह इस अर्थव्यवस्था की ताकत है कि कोरोना खंडकाल में भारत ने अपने 80 करोड़ गरीब लोगों को निशुल्क अन्न उपलब्ध कराया तथा कोरोना की वैक्सीन भी समस्त नागरिकों को निशुल्क उपलब्ध कराई गई। भारत अब न सिर्फ सड़क निर्माण के क्षेत्र में बड़ा काम कर रहा है, अपितु वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में भी भारत निरंतर आगे बढ़ता जा रहा है। साफ सफाई, गरीबों के लिए मकान, गरीबों के लिए शौचालय जैसे छोटे-छोटे विषय भी सरकार की प्राथमिकता में हैं। सरकार किसानों का ध्यान रख रही है, किसानों को समृद्ध बना रही है और उद्योगों को भी नई दिशा प्रदान कर रही है, नए संसाधन प्रदान कर रही है। यह भारतीय अर्थव्यवस्था की ताकत है कि जब विश्व के अन्य देशों में मंदी की स्थिति बन रही है और वहां की अर्थव्यवस्था नीचे की ओर जा रही है तब भारत की अर्थव्यवस्था दिन-ब-दिन समृद्ध होती जा रही है।

# एक शहीद के वीरता मैडल्स का कौन हो असली हकदार मां-बाप या पत्नी?



मनोज कुमार अग्रवाल

शहीद कैप्टन अंशुमान को कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया है लेकिन उनकी शहादत को मिले इस सम्मान के असली हक को लेकर कई सवाल खड़े हो रहे हैं और ये सवाल वास्तव में एक बेटे की शहादत पर मिलने वाले वीरता मैडल्स पर किसका हक हो मां-बाप और विधवा या अन्य? को गंभीरता से सामने लाता है। शहीद अंशुमान के माता-पिता का कहना है कि उनकी बहू मायके चली गई हैं। वे सरकार से मांग कर रहे हैं कि एनओके (नेक्स्ट ऑफ किन यानी निकटतम परिजन) के नियमों में बदलाव किया जाए। आपको बता दें कि पिछले साल 19 जुलाई 2023 को सियाचिन में शहीद हुए कैप्टन अंशुमान सिंह को अभी हाल ही में राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान कीर्ति चक्र से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनकी पत्नी स्मृति और मां मंजू सिंह ने ग्रहण किया। इस कार्यक्रम के बाद अंशुमान की पत्नी स्मृति का एक वीडियो भी सामने आया जिसमें वह बता रही हैं कि कैसे उनकी अंशुमान सिंह से मुलाकात हुई और शादी के मात्र पांच महीने बाद ही वह विधवा हो गई। लेकिन समारोह के कुछ दिन बाद ही अंशुमान सिंह के माता-पिता का दर्द सामने आया है। उन्होंने कहा है कि शहीद अंशुमान सिंह की पत्नी स्मृति पति अंशुमान की फोटो एल्बम, कपड़े और अन्य यादों के साथ सरकार के द्वारा दिए गए कीर्ति चक्र को लेकर अपने घर गुरदासपुर चली गई हैं। आरोपों के अनुसार, वह न सिर्फ माता-पिता के शहीद बेटे का मेडल लेकर गई बल्कि उसके दस्तावेजों में दर्ज स्थायी पते को भी बदलवाकर अपने घर गुरदासपुर का करवा दिया है।

सेना सूत्रों के मुताबिक इंश्योरेंस की राशि में से 50 लाख रुपये शहीद अंशुमान की मां को और 50 लाख रुपये की राशि उनकी पत्नी को मिली है। यूपी सरकार से जो आर्थिक मदद मिली उसका 35 लाख रुपये शहीद की पत्नी और 15 लाख रुपये शहीद की मां को मिला है। अंशुमान के पिता निकटतम परिजन नियमों में बदलाव चाहते हैं। शहीद अंशुमान के पिता रवि प्रताप सिंह ने कहा, 'बेटे को उसके अदम्य साहस के लिए कीर्ति चक्र मिला तो नियम था कि मां और पत्नी दोनों यह सम्मान लेने के लिए जाते हैं। अंशुमान की मां भी साथ गई थीं। राष्ट्रपति ने मेरे बेटे की शहादत पर कीर्ति चक्र दिया लेकिन मैं तो उसको एक बार छू भी नहीं पाया। ' कैप्टन अंशुमान के पिता ने आगे कहा कि वे एनओके यानि 'निकटतम परिजन' नियमों में बदलाव चाहते हैं, क्योंकि उनकी बहू स्मृति सिंह अब उनके साथ नहीं रहती है। उन्होंने कहा कि एनओके का जो निर्धारित मापदंड है वह ठीक नहीं है। इसे लेकर उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से लेकर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से बात की है।

उनके इस बयान के बाद से ही एक बार इस एनओके के नियमों को लेकर चर्चा होने लगी है। रवि प्रताप सिंह से पहले भी कई शहीदों के परिजन भी इन नियमों में बदलाव की मांग कर चुके हैं। एनओके का अर्थ व्यक्ति के जीवनसाथी, निकटतम रिश्तेदार, परिवार के सदस्य या कानूनी अभिभावक से है। जब कोई युवक सेना में भर्ती होता है तो उसके माता-पिता या अभिभावकों को निकटतम परिजन के रूप में नामांकित किया जाता है। सेना के नियमों के अनुसार, जब कोई कैडेट या अधिकारी शादी करता है, तो उसके माता-पिता के बजाय उसके जीवनसाथी का नाम



उसके निकटतम रिश्तेदार के रूप में नामांकित किया जाता है। नियमों के अनुसार, अगर सेवा के दौरान किसी जवान/ऑफिसर को कुछ हो जाता है तो अनुग्रह राशि से लेकर तमाम सैन्य सुविधाएं निकटतम परिजन को दी जाती हैं। यानि अगर सैनिक शादीशुदा है तो सारी धनराशि पत्नी को दी जाती है और अगर शादीशुदा नहीं है तो फिर यह अनुग्रह राशि मां-बाप को दी जाती है। रवि प्रताप सिंह इन्हीं नियमों में बदलाव चाहते हैं जिससे शहीद की विधवा के अलावा मां-बाप को भी अनुग्रह राशि का या मदद का हिस्सा मिले। अगर सैनिक शादीशुदा थे तो एनओके पत्नी ही होंगी। सवाल है कि ऐसी स्थिति में माता-पिता को क्या मिलता है? कई मामलों में ऐसा सामने आया है जहां शहीद के परिजनों, विशेषकर मां-बाप ने आरोप लगाया है कि बेटे की शहादत के बाद जो भी पैसा सरकार या सेना द्वारा दिया गया, उसे बहू लेकर चली गई या फिर उसने दूसरी शादी कर ली। हालांकि शहीदों को राज्य सरकारों द्वारा दी जाने वाली आर्थिक मदद को लेकर कई राज्य सरकारों ने अपने स्तर पर दी जाने वाली मदद के नियमों में बदलाव किए हैं जिनमें शहीद की पत्नी के अलावा मां-बाप का भी ध्यान रखा गया है।

मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार के नए नियमों के मुताबिक, सेना, अर्धसैनिक बलों और पुलिस बल सहित सुरक्षाकर्मियों की शहादत की स्थिति में परिवार को दी जाने वाली वित्तीय सहायता शहीद की पत्नी और माता-पिता के बीच बराबर बांटी जाएगी, यानि 50 फीसदी राशि पत्नी और 50 फीसदी धनराशि मां-बाप को दी जाएगी। पहले 100 फीसदी राशि केवल पत्नी को मिलती थी। इसी तरह उत्तर प्रदेश में यूपी की योगी सरकार ने शहीद सैनिकों के आश्रितों को लेकर फैसला लिया था। जून 2020 में सरकार ने केंद्रीय एवं प्रदेशों के अर्द्ध सैन्यबलों तथा भारतीय सेना के तीनों अंगों में शहीद होने वाले प्रदेश के सैनिक परिवार दी जाने वाली 25 लाख रुपये की अनुग्रह राशि को बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दिया था। इसमें फैसला लिया गया है कि अगर शहीद के माता-पिता जीवित हैं तो उन्हें भी यह सहायता मिलेगी जिसमें से 35 लाख शहीद की पत्नी तथा 15 लाख मां-बाप को दिए जाते हैं। अगर मां-बाप जीवित नहीं हैं तो उस स्थिति में पूरी धनराशि पत्नी को दी जाती है। हरियाणा सरकार ने 2017 में एक अहम फैसला लेते हुए कहा था कि शहीद होने के बाद जवान की पत्नी को जो 100 फीसदी सम्मान राशि दी जाती थी उसका एक हिस्सा मां-बाप को भी दिया जाएगा। हरियाणा सरकार के संशोधित मानदंडों के अनुसार कुल सहायता राशि में से 70 प्रतिशत अनुग्रह अनुदान शहीद की विधवा और बच्चों दी जाती है बची हुई 30 फीसदी धनराशि शहीद के माता-पिता को दी जाती है। यदि माता-पिता नहीं हैं तो यह सहायता जारी शहीद की विधवा और बच्चों को दी जाती है। इन राज्यों के अलावा उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्य भी अपने स्तर पर शहीद के माता-पिता को आर्थिक मदद देते हैं। ऐसा भी देखने को मिला है कि बेहद गरीब परिवार के इकलौते बेटे के शहीद होने पर अनुग्रह राशि विधवा पत्नी ले कर मायके चली गई जब कि बूढ़े माता-पिता और शादी योग्य बहन लाचारी का जीवन जीने के लिए रोते रह गई। ऐसे एक नहीं अनेक मामलों की कड़ी है। दरअसल समय के साथ-साथ पति के परिवार के प्रति संवेदना और कर्तव्य बोध का निरंतर ह्रास हो रहा है। आज की पीढ़ी अपने सुखी जीवन को महत्व देती है। ऐसे हालात में अपने अभावों भरे जीवन में तन पेट काट कर शिक्षित कर देश की सेवा के लिए अपने जिगर के टुकड़े को सौंपने वाले मां-बाप, बहन और परिवार के भी जीवन की बहुत सारी जरूरत एक सैनिक बेटे की तनख्वाह पर टिकी होती है लेकिन किसी आकस्मिक परिस्थिति में ऐसे परिवार पर विपदा का पहाड़ टूट जाता है। खासकर तब जब विधवा पत्नी अनुग्रह राशि समेट कर अनाथ हुए बच्चों समेत मायके का रुख कर लेतीं हैं और चंद महीनों बाद ही नए जीवन साथी के साथ अपनी दुनिया बसा लेती हैं। यहां तक कि शहीद पति के बच्चों को कई बार नाना, मामा पालते हैं और दादी-बाबा आंसू बहाने के लिए मजबूर होते हैं क्योंकि कानून उन्हें संरक्षण नहीं देता है। यह परिस्थितियां व्यवहारिक सच्चाई हैं जिन्हें सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता है। जरा सोचिए उन मां-बाप की हृदय की वेदना जिन्होंने अपने सपूत को देश की सुरक्षा के लिए बलिदान कर दिया और वह अपने सपूत की शहादत के अवार्ड कीर्तिचक्र को अपने बेटे की स्मृति बतौर संजोने से भी वंचित कर दिए गए। क्या यह सच में अनुचित नहीं है? एक माता-पिता को यदि उनके देश के लिए शहीद हुए बेटे की शहादत का अवार्ड भी अपने शेष जीवन के संबल के लिए संजो कर रखने और उस पर गर्व व गौरव महसूस करने का हक होना ही चाहिए और यदि विधवा पत्नी और मां-बाप दोनों ऐसे अवार्ड पर हक जताएं तो दोनों को ऐसे अवार्ड की प्रतिकृति सौंप कर मूल अवार्ड को शहीद की बटालियन को सौंप देना चाहिए। इस समाधान से किसी की भावना भी आहत नहीं होंगी और बटालियन को भी प्रेरणा मिलती रहेगी।

**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

## एक नजर

### पश्चिम चंपारण का लगभग एक दर्जन गांव टापू में तब्दील



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित बाल्मीकीनगर ब्राज से छोड़े गए पानी से पश्चिम चंपारण ज़िला के नौतन और बैरिया ब्लॉक के विशम्भरपुर, बरियारपुर और जरलहीयां ग्राम पनी से टापू में तब्दील हो गया है। नौतन के इस ग्राम के नागरिक जान जोखिम में डालकर अपनी जरूरतों के समान को पूरा कर रहे हैं, जबकि प्रशासन द्वारा कोई साधन व्यवस्था नहीं की गई है । बाढ़ पीड़ित कन्हैया राम, मनमतिया जोनी देवी , ठगीया देवी, सीमा देवी, लक्षुमन राम आदि ने पत्रकारों को बताया कि गंडकनदी के उफान से पूरा गांव टापू में तब्दील हो गया है। इस टापू नुमा ग्राम में इमरजेंसी का कोई व्यवस्था नहीं है।आने-जाने के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। कमर से ऊपर पानी बह रहा है। बढ़ते जलस्तर को देख गांव वाले डरें हुए हैं। इन इलाकों मे स्थित भयवाह होता जा रहा है। जबकि यहीं माहौल जिले के और कई स्थानों पर बना हुआ है।

### रक्सौल बार्डर से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल बार्डर से इमिग्रेशन विभाग ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक जी एम सोहाग के पास से फर्जी भारतीय आधार कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है,जिसमें इसनें फर्जी पता पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी मोहम्मद जावेद पिता मीर हसन और जन्म तिथि 13 फरवरी 1987 अंकित है। इमिग्रेशन अधिकारियों नें शंका के आधार पर गहराई से पूछताछ की तो पता चला कि यह बांग्लादेश के पातुआखाली जिला के पातुआखाली सदर के बोतलवानिया का रहने वाला है जो अब्दुल रज्जाक गाजी का पुत्र है। तब वह भारतीय वीजा लेकर आया हुआ था लेकिन इस बार अवैध रूप से भारत आया है।भारत आने के क्रम में वह सबसे पहले कोलकाता आया जहां उपरोक्त फर्जी आधार व पासपोर्ट बनवाया।हालांकि इसको उस वक्त पकड़ा लिया गया।

### औरंगाबाद में निमार्णाधीन पुल का डायवर्सन बहा

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद में निमार्णाधीन पुल का डायवर्सन बह गया। डायवर्सन के टूटने के कारण सोमवार को इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है। डायवर्सन के पानी में बहने के बाद इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। आवागमन बाधित न हो इसको लेकर पुल के बगल में डायवर्सन बनाया गया है। पानी के तेज बहाव के कारण डायवर्सन पानी में बह गया और कई गांवों को संपर्क भंग हो गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में लगे एजेंसी के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकार के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। समाजसेवी संजीव कुशवाहा का कहना है कि अंबा से देव और बालूगंज से देव जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है।

### मुखिया के घर और गाड़ी से 1.31 कुंतल गांजा बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस को मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान रविवार देर रात बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने गुप्त सूचना पर गांजा तस्करी में शामिल एक मुखिया को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत का निर्वाचित मुखिया बताया जा रहा है। इसके घर और स्कार्पियो में रखे 1.31 क्विंटल गांजा आदापुर थाना पुलिस व एसएसबी 71वीं बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मुखिया के मकान से 11 किलो व स्कॉर्पियो में लदे 1.21 क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। पुलिस मुखिया से पूछताछ कर रही है।

### युवा कौशल दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई

**अररिया ।** विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर श्रम संसाधन विभाग की ओर से फारबिसगंज स्थित आईटीआई परिसर में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल आईटीआई फारबिसगंज के प्राचार्य राजीव कुमार की अगुवाई में जिले के सरकारी आईटीआई,आईटीआई फारबिसगंज महिला आईटीआई फारबिसगंज ,आईटीआई अररिया के छात्र छात्राओं सहित सभी कर्मी के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई,जिसमे लगभग तीन सौ लोगो ने भाग लिया। सभी छात्र आईटीआई कैंपस से होते हुए कॉलेज चौक,बगीचा चौक,पटेल चौक से होते हुए बाजार का परिक्रमा कर फिर से आईटीआई परिसर में आकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी का उद्देश्य लोगो को स्किल इंडिया कार्यक्रम से जुड़ने एवम कुशल बनने हेतु जागरूक करना था।कॉलेज परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित कर स्किल के बारे में जानकारी दी गई।वहीं दूसरी ओर मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में भी फारबिसगंज के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। श्रम संसाधन विभाग की ओर से पटना में दशरथ मांझी प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम हो रहा है।

# बोस बनाम ममता मामले की सुनवाई खत्म, फैसला सुरक्षित



संवाददाता

**कोलकाता।** राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किये थे। यह मामला सोमवार को कोलकाता उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति कृष्ण राव की पीठ के आया। सुनवाई खत्म हो गई है। दोनों पक्षों के सवाल-जवाब सुनने के बाद जज ने कोई टिप्पणी नहीं की। फैसले को फिलहाल स्थगित कर दिया गया है।

लोकसभा चुनाव के दौरान राज्यपाल सीवी आनंद बोस पर राजभवन की एक अस्थायी महिला कर्मचारी ने यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया था। इस आरोप को लेकर काफी दबाव था। एक बार फिर राज्य-राज्यपाल में टकराव। तनाव के बीच बारानगर और भगबानगोला के दो विधायकों के शपथ लेने से अभूतपूर्व जटिलता पैदा हो गयी। खुद मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस पर बयान देते हुए राज्यपाल से छेड़छाड़ का मामला उठाया। उन्होंने दावा किया, ''जीतने के बाद भी मेरे विधायक एक महीने से बैठे हुए हैं। राज्यपाल को शपथ लेने की अनुमति नहीं है। जनता ने उन्हें चुना। उनको शपथ न लेने देने का उन्हें क्या अधिकार है। उन्हें शपथ न लेने देने का उन्हें क्या अधिकार है? उन्हें ये अधिकार या तो स्पीकर को देना चाहिए या फिर डिप्टी स्पीकर को । और यदि नहीं तो स्वयं विधानसभा आ जाइये। सब उसके महल में क्यों जायेंगे? लड़कियाँ मुझसे शिकायत कर रही हैं कि राजभवन में चल रहे कीर्ति-घोटाले के कारण वे जाने से डरती हैं। इन टिप्पणियों के मद्देनजर राज्यपाल बोस ने कोलकाता उच्च न्यायालय में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किये थे ।

सोमवार को जस्टिस कृष्णा राव की बेंच में मामले की सुनवाई के दौरान राज्यपाल के वकील ने कहा, ''राज्यपाल के बारे में अपमानजनक टिप्पणियां की गई हैं। राज्यपाल ने दोनों नवनिर्वाचित विधायकों को पत्र लिखा है। उस पत्र में कोई डर नहीं था। उसके बाद भी महिलाएं राजभवन जाने से डरती हैं जैसे कमेंट आ रहे हैं। यह एक घृणित टिप्पणी है। मुख्यमंत्री के वकील ने जवाब दिया, ''मुख्यमंत्री की टिप्पणी मानहानिकारक नहीं है। उन्होंने अभी एक टिप्पणी की है। उन्होंने आम जनता के हित में बात की।

## विभिन्न मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों का हड़ताल जारी

एजेंसी

**भागलपुर।** विभिन्न मांगों को लेकर एनएचएम कर्मियों का हड़ताल आठवें दिन सोमवार को भी जारी रहा। इस हड़ताल के कारण स्वास्थ्य विभाग की व्यवस्था चरमरा गई है। आम लोगों को अपनी इलाज में काफी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है। उल्लेखनीय है कि उक्त हड़ताली कर्मियों की समान काम समान वेतन की मांग है। साथ ही फेशियल अटेंडेंस सिर्फ एनएचएम कर्मियों के लिए ही क्यों, यह नियम सभी कर्मियों पर लागू होने चाहिए। कहा गया कि हमलोग क्षेत्र में लगभग 5 से 6 किलोमीटर दूर-दूर तक आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण से लेकर के सभी सरकारी कार्यों को बखूबी निर्वहन करते हुए अपने कार्य को संपादन करते हैं। उसके बाद भी हम लोगों को ना तो किसी प्रकार की सुविधा दी जाती है और ना ही कोई भत्ता। यहां तक की हम लोगों की मानदेय एक दैनिक मजदूर से भी कम है। हमलोगों को मात्र 11500 रुपये मिलते हैं। इसी में ही हमको रूम किराया देना पड़ता है। आने जाने में भी अच्छे पैसे खर्च हो जाते हैं। हमलोग किसी तरह से अपना जीवन निर्वाहन कर रहे हैं। हमलोगों को अपनी ही खर्चा उठाने में काफी समस्याओं का सामना करना पर रहा है, तो अपने बच्चों और परिवार का खर्चा उठाने में कितनी समस्याओं का सामना करना पड़ता होगा आप समझ सकते हैं। लेकिन सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। उनको जगाने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। अब ग्रामीण परिवेश में जनता को अपनी इलाज कराने में भी कठिनाइयों का सामना करना पर रहा है। उल्लेखनीय है कि विधानसभा उपाध्यक्ष नरेंद्र नारायण यादव ने भी इनकी मांगों का समर्थन करते हुए कहा था कि इनकी मांगे जायज है। इसपर सरकार अवश्य ध्यान देगी।

## बीजेपी को वोट दिया तो लक्ष्मी भंडार बंद की चेतावनी! विवादों में कूचबिहार के टीएमसी नेता





संवाददाता

**कोलकाता।** 24 घंटे से पहले उसी घटना की पुनरावृत्ति। कूचबिहार के एक और तृणमूल नेता ने बीजेपी को वोट देने वालों को लक्ष्नी भंडार बंद करने की चेतावनी दी है। जिस पर खूब चर्चा हो रही है। 21 जुलाई सामने है। जिले में इसकी तैयारी चल रही है। माथाभांगा सिटी ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष बिस्वजीत रॉय ने उस तैयारी बैठक से उन लोगों को लक्ष्मी भंडार बंद करने की चेतावनी दी, जिन्होंने तृणमूल को वोट नहीं दिया। इस पर स्वाभाविक रूप से गरमागरम बहस छिड़ी हुई है। आखिर क्या कहा तृणमूल नेता ने? पता चला है कि बिस्वजीत रॉय का बयान है, ''इस साल के लोकसभा चुनाव में माथाभांगा शहर के हर वार्ड में तृणमूल की हार हुई। पूरे साल तृणमूल के साथ रहने और भाजपा के लिए सभी तृणमूल विशेषाधिकार और वोट लेने के बाद लक्ष्मी भंडार की पहचान करने और उसे तुरंत बंद करने की जरूरत है। विपक्ष ने इस टिप्पणी की कड़ी निंदा की।संयोग से, दिनहाट के एक तृणमूल नेता ने रविवार को वस्तुतः यही टिप्पणी की। दिनहाटा ब्लॉक 2 के तृणमूल अध्यक्ष दीपक कुमार भट्टाचार्य ने कहा, हमें कम से कम कुछ लक्ष्मी भंडारों को खत्म करने की जरूरत है, जहां लोगों ने लक्ष्मी भंडार सहित राज्य सरकार के सभी लाभ प्राप्त करने के बावजूद तृणमूल को वोट नहीं दिया है।

### रेलवे क्रॉसिंग पर खड़ी कार से टकराई एक्सप्रेस ट्रेन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में फिर एक बड़ा रेल हादसा होते-होते रह गया. दरअसल, रविवार रात खरदाहा रेलवे स्टेशन के पास एक एसयूवी कार बंद हो रहे लेवल क्रॉसिंग गेट के नीचे से गुजरी और धीमी गति से आ रही एक्सप्रेस ट्रेन से टकरा गई। हजारद्वारी एक्सप्रेस की स्पीड कम होने के कारण एक बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के मुताबिक, एसयूवी में कोई यात्री नहीं था, जबकि ड्राइवर को हल्की चोट आई है। पूर्वी रेलवे के प्रवक्ता ने बताया कि यह घटना उस समय हुई जब एसयूवी के ड्राइवर ने लेवल क्रॉसिंग गेट बंद करते समय गेटमैन के रुकने के आदेश को नजरअंदाज कर दिया।

## केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन ने सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक का किया स्वागत



एजेंसी

**अररिया ।** फारबिसगंज केमिस्टस एंड ड्रगिस्टस एसोसिएशन ने जिला में नव पदस्थापित औषधि निरीक्षक नवीन कुमार एवं पूर्व से ही पदस्थापित सहायक औषधि नियंत्रक उपेंद्र नारायण पंडित का फारबिसगंज के एक सभागार में सोमवार को स्वागत सह अभिनंदन समारोह आयोजित कर स्वागत किया। संघ के अध्यक्ष अवधेश कुमार साह की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में औषधि विभाग के अधिकारियों के अलावा संघ के पदाधिकारी अध्यक्ष अवधेश कुमार साह, सचिव मनोज कुमार भारती, कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता, संगठन सचिव कुंदन कुमार, उपाध्यक्ष गोपाल कृष्ण सोनू, संयुक्त सचिव मुकेश जायसवाल, प्रशासनिक सचिव राकेश रौशन, शाखा समन्वयक गणेश यादव कार्यकारिणी समिति सदस्यों के अलावा अनुमंडल के विभिन्न स्थानों से आए सदस्य शामिल हुए। अपने अध्यक्षीय अभिभाषण में अवधेश कुमार साह ने अपील करते हुए कहा कि ड्रग एक्ट का अनुपालन हमारे लिए सर्वोपरि है तथा इसके अनुपालन में यदि किसी तरह की कोई तकनीकी खामी किसी दवा विक्रेता के यहां पाई जाती है तो अधिकारी विभागीय कार्यवाही से पूर्व उसे सुधारने का एक मौका उस दवा दुकानदार को अवश्य दें। अभिनंदन सह अभिवादन कार्यक्रम के तहत सहायक औषधि नियंत्रक एवं औषधि निरीक्षक को एसोसिएशन के सदस्यों द्वारा माल्यार्पण, पुष्प गुच्छ एवं शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। मौके पर सहायक औषधि नियंत्रक उपेंद्र नारायण पंडित ने सदस्यों को संबोधित करते हुए कोडिन कंटेनिंग कफ सिरप एवं नारकोटिक दवाओ को निर्दिष्ट दिशा निर्देश के तहत ही बेचने को कहा। इन दवाओं के क्रय विक्रय का पूरा अभिलेख एवं चिकित्सक द्वारा प्रिसक्रिप्शन की फोटोकॉपी भी रिकॉर्ड में रखे जाने को कहा। जिला औषधि निरीक्षक नवीन कुमार ने केमिस्टों को अपने संबोधन में कहा की वह नियमों एवं निदेर्शों का पूरी निष्ठा एवं एवं ईमानदारी से निर्वहन करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। दवाओ की गुणवत्ता को सुरक्षित देखना उनकी प्राथमिकता है।

## मुहर्रम की सातवीं तारीख पर देर रात निकला जुलूस



एजेंसी

**अररिया ।** हजरत इमाम हसन हुसैन और कर्बला की शहादत की याद में मनाए जाने वाले दस दिवसीय मुहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग काफी उत्साहित हैं। सभी इमामबाड़ों पर सिपर, ताजिया और नौबतखाना बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इमामबाड़ों से लेकर गलियों तक या अली या हुसैन की गूंज बुलंद होने लगी हैं। मुहर्रम पर्व की सातवीं तारीख रविवार की देर रात फारबिसगंज शहर में मुस्लिम समुदाय द्वारा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। शहर के पोखर बस्ती,दरभंगिया टोला, दल्लू टोला, कादरी टोला समेत विभिन्न अखाड़े के दल दस आना कचहरी मैदान के पास जमा होकर पारंपरिक हथियारों के साथ शारीरिक प्रदर्शन किया और करतब दिखाए। ढोल-नगाड़ों पर जुलूस में शामिल कुछ युवा आग के फव्वारे को मुंह से निकालते देखा गया। सातवीं की जुलूस को लेकर डीएसपी मुकेश कुमार साहा,थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह और नप के ईओ सूयानंद सिंह खुद देर रात तक विधि व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते दिखे। जुलूस मार्गों पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती थी।

मौके पर मुहर्रम कमेटी के प्रधान महासचिव वाहिद अंसारी ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ यजीदी फौज से जंग करते हुए हक व इंसाफ के लिए शहादत दी थी। उन्हीं की याद में मोहर्रम माह में गमगीन माहौल में जुलूस निकाला जाता है। मौके पर मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मो. दिलशाद,प्रधान महासचिव वाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष प्रमुख मो. शमीम, सचिव गालिब आजाद, मूलचंद गोलछा, मीर कचहरी अध्यक्ष सैयद आबिद हुसैन उर्फ गुड्डू अली, मनोज जायसवाल, इजहार अंसारी, नूर मास्टर कमरुद्दीन, नूर आलम उर्फ राजू, इरशाद सिद्दीकी, आफताब आलम, फूल, सलमान, खुर्शीद आलम,औरंगजेब आलम, मेहराब आलम, असलम अंसारी, जसीम, छोटू खान इमाम, मो. मोकिम, मो. उस्मान, समशेर आलम, शमीम अली, कुद्दुस अंसारी, मो. जमील के अलावा राशिद जुनैद, कपिल अंसारी, शमीम अंसारी, कमरुद्दीन, मो तूफानी, अजमल हुसैन, अयान आफताब, बेलाल अली, कपिल अंसारी, मुख्य पार्षद वीणा देवी,बुलबुल यादव, संजय अग्रवाल, राजा अली, नप के प्रधान सहायक कुंदन सिंह, इजहार आलम, कुद्दुस अंसारी, मोहम्मद इलियास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

### कुलतली में पुलिस पर की गई फायरिंग

**कोलकाता।** नकली सोना धोखाधड़ी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में मुश्किलें। दक्षिण 24 परगना के कुलतली में पुलिस पर फायरिंग की गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने अब तक 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुलतली के जलबेरिया के ग्राम पंचायत नंबर 2 के पोइतरहाट इलाके में चोरी के सोने का कारोबार चल रहा है। वहां कई तरह की असामाजिक गतिविधियां भी होती रहती हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस अक्सर इलाके में छापेमारी करती थी। सोमवार सुबह भारी संख्या में पुलिस बल एक आरोपी को पकड़ने के लिए इलाके में गया था। इलाके में कदम रखते ही पुलिस कर्मियों को भारी बाधाओं का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि आरोपी के परिजनों ने विरोध शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक उन पर एक राउंड फायरिंग की गई। हालांकि, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इलाके में एक नहीं बल्कि कम से कम 2 राउंड फायरिंग हुई।

## किशनगंज में हिन्दुओं के बनाये ताजिये से पूरा होता है मुस्लिमों का मुहर्रम

एजेंसी

**किशनगंज।** एक तरफ जहां समाज में धार्मिक उन्माद और नफरत फैलाने की कोशिश हो रही है, वहीं दूसरी तरफ सामाजिक सौहार्द की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो सुकून देती हैं। ऐसी ही एक तस्वीर किशनगंज जिले से आई है। यहां हिंदू समाज की महिलाएं मुस्लिमों के लिए मुहर्रम के मौके पर ताजिया बनाती हैं और इन्हीं ताजिया को मुस्लिम समुदाय के लोगों की मन्नतें पूरी होने पर कर्बला के मैदान में चढ़ाया जाता है। मुस्लिम बहुल बिहार के किशनगंज जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मिट्टी का चूल्हा मुस्लिम महिलाएं बनाती हैं, तो वहीं, मुस्लिमों के लिए मुहर्रम के खास मौके पर हिन्दू महिलाएं ताजिया बनाती हैं। मुहर्रम में ताजिया का खास महत्व होता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, अरबी वर्ष के पहले महीने को मुहर्रम का महीना कहा जाता है। मुहर्रम यानी गमे हुसैन के एहतराम का महीना। इसी माह में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन और उनके परिजनों, साथियों को बहुत यातना देने के बाद यजीद की सेना ने शहीद कर दिया था। कर्बला में हुई जंग के दौरान इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। एक परंपरा के अनुसार मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग मुहर्रम के मौके पर मन्नतें मांगते हैं। मन्नतें पूरी होने पर उस मन्नत रखने वाले व्यक्ति को ताजिया लेकर कई गांवों में घूमना होता है। इसके लिए ताजिया की जरूरत पड़ती है। यह ताजिया किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड के कस्बा कालियागंज के दर्जनों हिंदू परिवार कई वर्षों से बना रहे हैं। ताजिया बनाने वाले हिन्दू परिवारों का कहना है कि यह उनका पुश्तैनी धंधा है। मुहर्रम के अवसर पर तीन सौ से अधिक ताजिये की बिक्री हो जाती है।

## मुहर्रम पर्व पर 556 स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की हुई प्रतिनियुक्ति




एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने को लेकर डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने में चिन्हित 556 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। इसमे मोतिहारी सदर अनुमंडल में 155 चकिया में अनुमंडल में 99,पकड़ी दयाल अनुमंडल में 36, सिकरहना अनुमंडल में 127,अरेराज में 82 एवं रक्सौल में 57 जगह को चिन्हित किया गया है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर एसपी व डीएम द्वारा संयुक्त आदेश जारी करते कहा गया है,कि सांप्रदायिक व अराजक गुंडा तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी रखे। आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ के संबंध में भी सतर्कता रखते एवं समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। बिना लाइसेंस के ताजिया जुलूस निकालने की अनुमति नहीं देनी है, यदि किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा जुलूस निकालने की अनुमति की मांग की जाती है तो रूट एवं समय आदि को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। जुलूस के प्रमुख व्यक्तियों का मोबाइल नंबर एक पंजी में संधारित करने के लिए कहा गया है ताकि आवश्यकतानुसार उनसे संपर्क स्थापित किया जा सके।इसके साथ ही प्रत्येक थाना और प्रखंड स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देश है कि ताजिया जुलूस विवादग्रस्त स्थल या मार्ग से नहीं गुजरे तथा जुलूस को एक दूसरे से आगे ले जाने की प्रतिस्पर्धा नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जाए।सभी थानों में सांप्रदायिक गुंडा रजिस्टर को अद्यतन रखने तथा उससे संबंधित व्यक्तियों पर इस पर्व के अवसर पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है,कि प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त संवेदनशील स्थानो पर थाना प्रभारी अपने स्तर से पुलिस बल,चौकीदार एवं दफादार आदि की प्रतिनियुक्ति टोली बनाकर करेंगे। दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के लोग अपने-अपने क्षेत्र में सघन गश्ती करेंगे एवं आसूचना का संकलन करेंगे। यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना या तनाव उत्पन्न होने की संभावना हो तो आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।इसके साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत करने हेतु अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। वही जिला स्तर पर अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसका नंबर 06252-242418 है। नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारी एवं कर्मियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।आदेश के साथ ही डीएम व एसपी ने जिले वासियो से शांति एवं सद्भाव के साथ मुहर्रम का पर्व मनाने की अपील की है।

## मीर कचहरी इमामबाड़ा में मुहर्रम को लेकर हुई बैठक



एजेंसी

**अररिया ।** मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर फारबिसगंज के भागकोहलिया पंचायत स्थित ऐतिहासिक मीर कचहरी इमामबाड़ा परिसर में अरुण सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया और शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने को लेकर कई निर्णय लिए गए।बैठक में अध्यक्षता कर रहे अरुण सिंह ने कहा की दोनों समुदाय गाड़ी के दो चक्के हैं, जो हमेशा साथ चले हैं और आगे भी चलते रहेंगे।इसलिए ऐसा कोई कृत्य नहीं होना चाहिए जो बदनुमा दाग बन जाय। भागकोहलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मोहम्मद रियाज अहमद ने कहा कि शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराए जाने की भागीदारी युवाओं के कंधे पर है। मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष दिलशाद अहमद ने कहा कि नौवीं तिथि को हमारे जंगी जो मीर कचहरी के प्रांगण में आएंगे, उनका सम्मान पूर्वक ख्याल रखा जाएगा। मीर कचहरी के अध्यक्ष सैयद आबिद हुसैन उर्फ गुड्डू अली ने कहा यहां सभी समुदाय के लोग दर्शन करने आते हैं,जो आपसी भाईचारा को दशार्ता है। बैठक में विधि व्यवस्था, लाइट, साउंड सिस्टम से लेकर साफ-सफाई पर चर्चा की गई। बैठक में अरुण सिंह, रियाज अहमद, दिलशाद अहमद, सैयद आबीद हुसैन उर्फ गुड्डू अली, मो. अलाउद्दीन, मो. बुदन, सईद अनवर हुसैन, मुरशिद आलम, सादिक हुसैन, मो. शाहरुख, सैयद काजिम हुसैन,समर हुसैन, शमीम हैदर, मो. मुस्तकीम, मो. आजाद आदि मौजूद थे।

## एक नजर

### पश्चिम चंपारण का लगभाग एक दर्जन गांव टापू में तब्दील



**बेतिया।** पश्चिम चंपारण ज़िला स्थित बाल्मीकीनगर ब्राज से छोड़े गए पानी से पश्चिम चंपारण ज़िला के नौतन और बैरिया ब्लॉक के विशम्भरपुर, बरियारपुर और जरलहीयां ग्राम पनी से टापू में तब्दील हो गया है। नौतन के इस ग्राम के नागरिक जान जोखिम में डालकर अपनी जरूरतों के समान को पूरा कर रहे हैं, जबकि प्रशासन द्वारा कोई साधन व्यवस्था नहीं की गई है । बाढ़ पीड़ित कन्हैया राम, मनमतिया जोनी देवी , ठगीया देवी, सीमा देवी, लक्ष्मुन राम आदि ने पत्रकारों को बताया कि गंडकनदी के उफान से पूरा गांव टापू में तब्दील हो गया है। इस टापू नुमा ग्राम में इमरजेंसी का कोई व्यवस्था नहीं है।आने-जाने के सारे रास्ते बंद हो गए हैं। कमर से ऊपर पानी बह रहा है। बढ़ते जलस्तर को देख गांव वाले डरें हुए हैं। इन इलाकों मे स्थित भयवाह होता जा रहा है। जबकि यहीं माहौल जिले के और कई स्थानों पर बना हुआ है।

### रक्सौल बार्डर से बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**पूर्वी चंपारण।** जिले के रक्सौल बार्डर से इमिग्रेशन विभाग ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक को हिरासत में लिया है। पकड़ा गया बांग्लादेशी नागरिक जी एम सोहाग के पास से फर्जी भारतीय आधार कार्ड और पासपोर्ट भी बरामद किया गया है,जिसमें इसनें फर्जी पता पश्चिम बंगाल के हुगली निवासी मोहम्मद जावेद पिता मीर हसन और जन्म तिथि 13 फरवरी 1987 अंकित है। इमिग्रेशन अधिकारियों नें शंका के आधार पर गहराई से पूछताछ की तो पता चला कि यह बांग्लादेश के पातुआखाली जिला के पातुआखाली सदर के बोतलवानिया का रहने वाला है जो अब्दुल रज्जाक गाजी का पुत्र है। तब वह भारतीय वीजा लेकर आया हुआ था लेकिन इस बार अवैध रूप से भारत आया है।भारत आने के क्रम में वह सबसे पहले कोलकाता आया जहां उपरोक्त फर्जी आधार व पासपोर्ट बनवाया।हालांकि इसको उस वक्त पकड़ा लिया गया।

### औरंगाबाद में निमार्णाधीन पुल का डायवर्सन बहा

**पटना।** बिहार के औरंगाबाद में निमार्णाधीन पुल का डायवर्सन बह गया। डायवर्सन के टूटने के कारण सोमवार को इस इलाके के कई गांवों का संपर्क जिला मुख्यालय से भंग हो गया है। डायवर्सन के पानी में बहने के बाद इलाके के लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देव प्रखंड के चट्टी बाजार स्थित अंबा-देव रोड में पुल का निर्माण कराया जा रहा है। आवागमन बाधित न हो इसको लेकर पुल के बगल में डायवर्सन बनाया गया है। पानी के तेज बहाव के कारण डायवर्सन पानी में बह गया और कई गांवों को संपर्क भंग हो गया है। स्थानीय लोगों ने निर्माण कार्य में लगे एजेंसी के ऊपर लापरवाही का आरोप लगाया है। लोगों का कहना है कि निर्माण एजेंसी और ठेकेदार की मिलीभगत से सरकार के पैसों का बंदरबांट किया जा रहा है। समाजसेवी संजीव कुशवाहा का कहना है कि अंबा से देव और बालूगंज से देव जाने के लिए यह एकमात्र सड़क है।

### मुखिया के घर और गाड़ी से 1.31 कुंतल गांजा बरामद

**पूर्वी चंपारण।** जिला पुलिस को मादक पदार्थो की तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के दौरान रविवार देर रात बड़ी सफलता मिली है।पुलिस ने गुप्त सूचना पर गांजा तस्करी में शामिल एक मुखिया को गिरफ्तार कर भारी मात्रा में गांजा बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार तस्कर आदापुर थाना क्षेत्र के बखरी पंचायत का निर्वाचित मुखिया बताया जा रहा है। इसके घर और स्कार्पियो में रखे 1.31 क्विंटल गांजा आदापुर थाना पुलिस व एसएसबी 71वीं बटालियन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए बरामद किया है। पुलिस के अनुसार मुखिया के मकान से 11 किलो व स्कॉर्पियो में लदे 1.21 क्विंटल गांजा जब्त किया गया है। पुलिस मुखिया से पूछताछ कर रही है।

### युवा कौशल दिवस पर प्रभात फेरी निकाली गई

**अररिया ।** विश्व युवा कौशल दिवस के मौके पर श्रम संसाधन विभाग की ओर से फारबिसगंज स्थित आईटीआई परिसर में कई तरह के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नोडल आईटीआई फारबिसगंज के प्राचार्य राजीव कुमार की अगुवाई में जिले के सरकारी आईटीआई,आईटीआई फारबिसगंज महिला आईटीआई फारबिसगंज ,आईटीआई अररिया के छात्र छात्राओं सहित सभी कर्मी के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई,जिसमे लगभग तीन सौ लोगो ने भाग लिया। सभी छात्र आईटीआई कैंपस से होते हुए कॉलेज चौक,बगीचा चौक,पटेल चौक से होते हुए बाजार का परिक्रमा कर फिर से आईटीआई परिसर में आकर समाप्त हुई। प्रभात फेरी का उद्देश्य लोगो को स्किल इंडिया कार्यक्रम से जुड़ने एवम कुशल बनने हेतु जागरूक करना था।कॉलेज परिसर में भी कार्यक्रम आयोजित कर स्किल के बारे में जानकारी दी गई।वहीं दूसरी ओर मौके पर पटना में आयोजित कार्यक्रम में भी फारबिसगंज के प्रतिभागी भाग ले रहे हैं। श्रम संसाधन विभाग की ओर से पटना में दशरथ मांझी प्रशिक्षण संस्थान में कार्यक्रम हो रहा है।

# सार्वजनिक निर्माण विभाग अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर में एडवांस काम या कम दरों पर टेंडरों का गडबड़झाला

# सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में फिर धँसी रोड

चमकता राजस्थान

जयपुर। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर में एडवांस कार्य या कम दरों पर टेंडरों में भारी भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर अपने चहेते ठेकेदारों को काम दिलाने के लिए पहले एडवांस में एक्सईएन को मौखिक रूप पर आदेश दे देते हैं या जॉब नंबर अलाट कर देते है और टेंडर बाद में करवाते हैं जिससे कोई दूसरा उस कार्य को न कर सके और टैंडर होने पर दूसरे ठेकेदार को कार्य नहीं करने दिया जाता है , टेंडरों में ठेकेदार मनमज़ी की रेट भरकर कार्य करता है, इस पर भी यदि बात नहीं बनती है तो टैंडर ही निरस्त कर अपने चहेते ठेकेदारों से कम दरों पर कार्य करवाया जाता है,दूसरे ठेकेदार को समझा बुझाकर दो प्रतिशत जुर्माना राशि जमा करवा देते हैं !

सूत्रों के अनुसार अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर के मुहलगे पाँच सात ठेकेदार ऐसे हैं जो एडवांस कार्य और जोब नंबर अलॉटमेंट के सहारे खूब चाँदी कूट रहे हैं !

अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर के अधीन आने वाले सचिवालय,सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय,गाँधीनगर आवास,सिविल लाइन आदि जगहों पर निर्माण कार्य में खामियां का ज़िम्मेदार कौन ह?

इस कार्यालय में आए दिन कभी सीवर लाइन जाम, कभी फ़ाल्स सीलिंग गिरने,कभी सड़क धँसने कभी सड़क पर पानी भरने की शिकायतें आना आम बात है!

सोमवार को सुबह सार्वजनिक निर्माण विभाग मुख्यालय में एक डंपर के आने से सड़क बैठ गयी यह गुणवत्ता के साथ समझौता किए जाने की एक बानगी है!

मिली जानकारी के अनुसार अधीक्षण अभियंता वृत्त शहर जयपुर कार्यालय में कम दरों पर टेंडर जारी किए जाते हैं,

फर्मों के द्वारा कम दरों पर टेंडर लेकर फर्में निम्न गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री काम में लेती हैं,यहीं से ठेका फर्म और इंजीनियरों के गठजोड़ से परियोजनओं में भ्रष्टाचार की शुरूआत होती है। ये परियोजनाएं आमजन के लिए नासूर बन जाती हैं और लोगों को आए दिन परेशान होना पड़ता है।




### जिम्मेदार अफ़सरों की करें शिकायत

» सरकारी कर्मचारियों और अफसरों के कामकाज का आकलन सालाना गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) से किया जाता है। अलग–अलग लेवल पर पदों के हिसाब से सीनियर अफसर जूनियर की एसीआर भरते हैं, यह एसीआर ही अफसर–कर्मचारी की परफॉर्मेंस का पैमाना है। जो अफसर–कर्मचारी लापरवाह, भ्रष्ट और काम में लापरवाह है और जिनके खिलाफ शिकायतें होती हैं, उनकी एसीआर खराब होती है। खराब एसीआर वालों को नॉन परफॉर्मर माना जाता है। भ्रष्टाचार के केस में पकड़े जाने वालों को दागी माना जाता है। जबरन रिटायर करने के लिए स्क्रीनिंग में खराब एसीआर वालों को ही लिया जाएगा,ऐसे अफ़सरों की शिकायत कर आम नागरिक को अपनी ज़िम्मेदारी निभानी चाहिए।

### भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो में इसकी शिकायत कैसे करें

» भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्य रूप से सरकारी कर्मचारियों के बीच भ्रष्टाचार के मामलों का पता लगाने, जांच करने और उन पर मुकदमा चलाने तथा सरकारी विभागों को ईमानदार, पारदर्शी और स्वच्छ प्रशासन प्रदान करने में सहायता करने के लिए जिम्मेदार है। एसीबी भ्रष्टाचार की शिकायतों की जांच करता है और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज मामलों की जांच करता है। एसीबी चार प्रकार के मामलों से निपटता है जैसे जालसाजी के मामले, आय से अधिक संपत्ति के मामले, गबन के मामले और कार्यालय के दुरुपयोग के मामले।

#### जिसके कार्यालय का पता है,

जे-9, झालाना इंस्टीट्यूशनल एरिया, जयपुर (राजस्थान)
आप टेलीफ़ोन और ई मेल के माध्यम से भी शिकायत दर्ज करवा सकते हैं !
टेली/फैक्स नंबरः 0141-2712263
ईमेल :complt.acb@rajasthan.gov.in

## मुहर्रम की सातवीं तारीख पर देर रात निकला जुलूस

एजेंसी

**अररिया ।** हजरत इमाम हसन हुसैन और कर्बला की शहादत की याद में मनाए जाने वाले दस दिवसीय मुहर्रम को लेकर मुस्लिम समुदाय के लोग काफी उत्साहित हैं। सभी इमामबाड़ों पर सिपर, ताजिया और नौबतखाना बनाने का काम लगभग पूरा हो चुका है। इमामबाड़ों से लेकर गलियों तक या अली या हुसैन की गूंज बुलंद होने लगी हैं। मुहर्रम पर्व की सातवीं तारीख रविवार की देर रात फारबिसगंज शहर में मुस्लिम समुदाय द्वारा शांति और सौहार्दपूर्ण माहौल में जुलूस निकाला गया। शहर के पोखर बस्ती,दरभंगिया टोला, दल्लू टोला, कादरी टोला समेत विभिन्न अखाड़े के दल दस आना कचहरी मैदान के पास जमा होकर पारंपरिक हथियारों के साथ शारीरिक प्रदर्शन किया और करतब दिखाए। ढोल-नगाड़ों पर जुलूस में शामिल कुछ युवा आग के फव्वारे को मुंह से निकालते देखा गया। सातवीं की जुलूस को लेकर डीएसपी मुकेश कुमार



साहा,थानाध्यक्ष राघवेंद्र कुमार सिंह और नप के ईओ सूयानंद सिंह खुद देर रात तक विधि व्यवस्था की मॉनिटरिंग करते दिखे। जुलूस मार्गो पर भारी संख्या में पुलिस बलों की तैनाती थी।

मौके पर मुहर्रम कमेटी के प्रधान महासचिव वाहिद अंसारी ने बताया कि पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नवासे हजरत इमाम हुसैन ने अपने 72 साथियों के साथ यजीदी फौज से जंग करते हुए हक व इंसाफ के लिए शहादत दी थी। उन्हीं की याद में मोहर्रम माह में गमगीन माहौल में जुलूस निकाला जाता है। मौके पर मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष मो. दिलशाद,प्रधान महासचिव वाहिद अंसारी, उपाध्यक्ष प्रमुख मो. शमीम, सचिव गालिब आजाद, मूलचंद गोलछा, मीर कचहरी अध्यक्ष सैयद आबिद हुसैन उर्फ गुड्डू अली, मनोज जायसवाल, इजहार अंसारी, नूर मास्टर कमरुद्दीन, नूर आलम उर्फ राजू, इरशाद सिद्दीकी, आफताब आलम, फूल, सलमान, खुर्शीद आलम,औरंगजेब आलम, मेहराब आलम, असलम अंसारी, जसीम, छोटू खान इमाम, मो. मोकिम, मो. उस्मान, समशेर आलम, शमीम अली, कुद्दुस अंसारी, मो. जमील के अलावा राशिद जुनैद, कपिल अंसारी, शमीम अंसारी, कमरुद्दीन, मो तूफानी, अजमल हुसैन, अयान आफताब, बेलाल अली, कपिल अंसारी, मुख्य पार्षद वीणा देवी,बुलबुल यादव, संजय अग्रवाल, राजा अली, नप के प्रधान सहायक कुंदन सिंह, इजहार आलम, कुद्दुस अंसारी, मोहम्मद इलियास सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## कुलतली में पुलिस पर की गई फायरिंग

**कोलकाता।** नकली सोना धोखाधड़ी मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी में मुश्किलें। दक्षिण 24 परगना के कुलतली में पुलिस पर फायरिंग की गई। हालांकि, किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। पुलिस ने अब तक 2 महिलाओं को गिरफ्तार किया है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, कुलतली के जलबेरिया के ग्राम पंचायत नंबर 2 के पोइतरहाट इलाके में चोरी के सोने का कारोबार चल रहा है। वहां कई तरह की असामाजिक गतिविधियां भी होती रहती हैं। इसे रोकने के लिए पुलिस अक्सर इलाके में छापेमारी करती थी। सोमवार सुबह भारी संख्या में पुलिस बल एक आरोपी को पकड़ने के लिए इलाके में गया था। इलाके में कदम रखते ही पुलिस कर्मियों को भारी बाधाओं का सामना करना पड़ा। बताया गया है कि आरोपी के परिजनों ने विरोध शुरू कर दिया। पुलिस के मुताबिक उन पर एक राउंड फायरिंग की गई। हालांकि, कुछ प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, इलाके में एक नहीं बल्कि कम से कम 2 राउंड फायरिंग हुई।

## किशनगंज में हिन्दुओं के बनाये ताजिये से पूरा होता है मुस्लिमों का मुहर्रम

एजेंसी

**किशनगंज।** एक तरफ जहां समाज में धार्मिक उन्माद और नफरत फैलाने की कोशिश हो रही है, वहीं दूसरी तरफ सामाजिक सौहार्द की तस्वीरें भी सामने आ रही हैं, जो सुकून देती हैं। ऐसी ही एक तस्वीर किशनगंज जिले से आई है। यहां हिंदू समाज की महिलाएं मुस्लिमों के लिए मुहर्रम के मौके पर ताजिया बनाती हैं और इन्हीं ताजिया को मुस्लिम समुदाय के लोगों की मन्नतें पूरी होने पर कर्बला के मैदान में चढ़ाया जाता है। मुस्लिम बहुल बिहार के किशनगंज जिले में लोक आस्था का महापर्व छठ पूजा के अवसर पर मिट्टी का चूल्हा मुस्लिम महिलाएं बनाती हैं, तो वहीं, मुस्लिमों के लिए मुहर्रम के खास मौके पर हिन्दू महिलाएं ताजिया बनाती हैं। मुहर्रम में ताजिया का खास महत्व होता है। इस्लामिक कैलेंडर के मुताबिक, अरबी वर्ष के पहले महीने को मुहर्रम का महीना कहा जाता है। मुहर्रम यानी गमे हुसैन के एहतराम का महीना। इसी माह में पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के नाती हजरत इमाम हुसैन और उनके परिजनों, साथियों को बहुत यातना देने के बाद यजीद की सेना ने शहीद कर दिया था। कर्बला में हुई जंग के दौरान इमाम हुसैन और उनके साथियों की शहादत की याद में मुहर्रम मनाया जाता है। एक परंपरा के अनुसार मुस्लिम समुदाय के कुछ लोग मुहर्रम के मौके पर मन्नतें मांगते हैं। मन्नतें पूरी होने पर उस मन्नत रखने वाले व्यक्ति को ताजिया लेकर कई गांवों में घूमना होता है। इसके लिए ताजिया की जरूरत पड़ती है। यह ताजिया किशनगंज जिले के पोठिया प्रखंड के कस्बा कालियागंज के दर्जनों हिंदू परिवार कई वर्षों से बना रहे हैं। ताजिया बनाने वाले हिन्दू परिवारों का कहना है कि यह उनका पुश्तैनी धंधा है। मुहर्रम के अवसर पर तीन सौ से अधिक ताजिये की बिक्री हो जाती है।

## मुहर्रम पर्व पर 556 स्थानों पर दंडाधिकारी व पुलिस बल की हुई प्रतिनियुक्ति

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** मुहर्रम पर्व को शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ संपन्न कराने को लेकर डीएम सौरभ जोरवाल व एसपी कांतेश कुमार मिश्र ने में चिन्हित 556 स्थानों पर दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की है। इसमे मोतिहारी सदर अनुमंडल में 155 चकिया में अनुमंडल में 99,पकड़ी दयाल अनुमंडल में 36, सिकरहना अनुमंडल में 127,अरेराज में 82 एवं रक्सौल में 57 जगह को चिन्हित किया गया है। दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति को लेकर एसपी व डीएम द्वारा संयुक्त आदेश जारी करते कहा गया है,कि सांप्रदायिक व अराजक गुंडा तत्वों की गतिविधियों पर कड़ी निगरानी




रखे। आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक पदार्थ के संबंध में भी सतर्कता रखते एवं समुचित कार्रवाई सुनिश्चित करे। बिना लाइसेंस के ताजिया जुलूस निकालने की अनुमति नहीं देनी है, यदि किसी व्यक्ति या संस्था के द्वारा जुलूस निकालने की अनुमति की मांग की जाती है तो रूट एवं समय आदि को ध्यान में रखते हुए नियमानुसार अनुज्ञप्ति निर्गत करने का निर्देश दिया गया है। जुलूस के प्रमुख व्यक्तियों का मोबाइल नंबर एक पंजी में संधारित करने के लिए कहा गया है ताकि आवश्यकतानुसार उनसे संपर्क स्थापित किया जा सके।इसके साथ ही प्रत्येक थाना और प्रखंड स्तर पर क्विक रिस्पांस टीम का गठन करने का निर्देश दिया गया है। आदेश में स्पष्ट निर्देश है कि ताजिया जुलूस विवादग्रस्त स्थल या मार्ग से नहीं गुजरे तथा जुलूस को एक दूसरे से आगे ले जाने की प्रतिस्पर्धा नहीं हो, इसका भी ध्यान रखा जाए।सभी थानों में सांप्रदायिक गुंडा रजिस्टर को अद्यतन रखने तथा उससे संबंधित व्यक्तियों पर इस पर्व के अवसर पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया गया है। आदेश में कहा गया है,कि प्रतिनियुक्ति के अतिरिक्त संवेदनशील स्थानो पर थाना प्रभारी अपने स्तर से पुलिस बल,चौकीदार एवं दफादार आदि की प्रतिनियुक्ति टोली बनाकर करेगे। दंडाधिकारी,पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल के लोग अपने-अपने क्षेत्र में सघन गश्ती करेंगे एवं आसूचना का संकलन करेंगे। यदि किसी प्रकार की अप्रिय घटना या तनाव उत्पन्न होने की संभावना हो तो आवश्यक निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए इसकी सूचना संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी/अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को शीघ्र उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।इसके साथ ही सूचना तंत्र को मजबूत करने हेतु अनुमंडल स्तर पर नियंत्रण कक्ष स्थापित करने का भी निर्देश दिया गया है। वही जिला स्तर पर अलग से नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जिसका नंबर 06252-242418 है। नियंत्रण कक्ष में पदाधिकारी एवं कर्मियों की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगाई गई है।आदेश के साथ ही डीएम व एसपी ने जिले वासियो से शांति एवं सद्भाव के साथ मुहर्रम का पर्व मनाने की अपील की है।

## मीर कचहरी इमामबाड़ा में मुहर्रम को लेकर हुई बैठक

एजेंसी

**अररिया ।** मुहर्रम पर्व को शांति एवं सौहार्द्रपूर्ण माहौल में मनाए जाने को लेकर फारबिसगंज के भागकोहलिया पंचायत स्थित ऐतिहासिक मीर कचहरी इमामबाड़ा परिसर में अरुण सिंह की अध्यक्षता में एक विशेष बैठक सोमवार को आयोजित की गई। बैठक में दोनों समुदाय के लोगों ने भाग लिया और शांति और साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाए रखने को लेकर कई निर्णय लिए गए।बैठक में अध्यक्षता कर रहे अरुण सिंह ने कहा की दोनों समुदाय गाड़ी के दो चक्के हैं, जो हमेशा साथ चले हैं और आगे भी चलते रहेंगे।इसलिए ऐसा कोई कृत्य नहीं होना चाहिए जो बदनुमा दाग बन जाय। भागकोहलिया पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि



मोहम्मद रियाज अहमद ने कहा कि शांतिपूर्ण पर्व संपन्न कराए जाने की भागीदारी युवाओं के कंधे पर है। मुहर्रम कमिटी के अध्यक्ष दिलशाद अहमद ने कहा कि नौवीं तिथि को हमारे जंगी जो मीर कचहरी के प्रांगण में आएंगे, उनका सम्मान पूर्वक ख्याल रखा जाएगा। मीर कचहरी के अध्यक्ष सैयद आबिद हुसैन उर्फ गुड्डू अली ने कहा यहां सभी समुदाय के लोग दर्शन करने आते हैं,जो आपसी भाईचारा को दशार्ता है। बैठक में विधि व्यवस्था, लाइट, साउंड सिस्टम से लेकर साफ-सफाई पर चर्चा की गई। बैठक में अरुण सिंह, रियाज अहमद, दिलशाद अहमद, सैयद आबीद हुसैन उर्फ गुड्डू अली, मो. अलाउद्दीन, मो. बुदन, सईद अनवर हुसैन, मुरशिद आलम, सादिक हुसैन, मो. शाहरुख, सैयद काजिम हुसैन,समर हुसैन, शमीम हैदर, मो. मुस्तकीम, मो. आजाद आदि मौजूद थे।



# मानसून में घर की दीवारों में आ जाती है नमी, तो आज से ही करें ये काम

**मानसून आते ही मौसम में ह्यूमिडिटी बढ़ जाती है, जिसके कारण घर की दीवारों का पेंट फूलने लगता है। इससे न सिर्फ दीवारें खराब होती है बल्कि इससे सटाकर रखी गई सामान भी बेकार हो जाती है।**

मानसून का मौसम जल्द ही दस्तक देने वाला है। ऐसे में मौसम तो काफी सुहाना रहता है लेकिन इस दौरान अक्सर घरों में सीलन आने लगती है। दीवार पर मौजूद नमी धीरे-धीरे इससे सटे हुए सामान जैसे अलमारी, बेड आदि को खराब कर देता है। दरअसल, बारिश के मौसम में नमी का स्तर काफी बढ़ जाता है। ऐसे में घर की दीवारों को खास देखभाल करने की जरूरत होती है। ह्यूमिडिटी बढ़ने के कारण वॉल पर फफूंद के निशान और अजीब से दुर्गंध आने लगती है। अगर आप इस मानसून घर की दीवारों को खराब होने से बचाना चाहती है तो आज ही कर लें ये काम।

### वाटरप्रूफ पेंट का करें इस्तेमाल

घर को सुंदर दिखाने में पेंट का अहम रोल होता है। ऐसे में पेंट करवाते समय वाटरप्रूफ कलर का इस्तेमाल करें। इस तरह से आप एक साथ दो काम कर सकते हैं पहला घर लंबे समय तक सुंदर और दूसरा बरसात से घर को सुरक्षित।

### प्लम्बर से नल को कराएं चेक

घर में लगे पानी के टैप को समय-समय पर चेक करें। बारिश का पानी के बजाय कई बार पाइप कनेक्शन से रिसने वाले पानी के कारण दीवार में नमी आती है। ऐसे में दीवार में आने वाली नमी के कारण पेंट फूल कर गिरने लगता है, जिससे गंदगी और स्मेल दोनों बढ़ जाती है।

### वेंटिलेशन का रखें ध्यान

बारिश होने के बाद घर की खिड़कियों को जरूर खोल दें। हल्की धूप निकलने पर घर के कपड़े से लेकर मैट परदे आदि को धूप दिखाएं। वेंटिलेशन का खास ख्याल रखें ऐसा करने से आप दीवारों को नमी से कुछ हद तक बचा सकते हैं।

### पानी को निकलने वाली जगह को रखें क्लीन

घर में जहां पर पानी निकलने का सोर्स है उस जगह को हमेशा साफ रखें। कई बार नाली में जमी गंदगी व कचरे के कारण बारिश का पानी आसानी से बाहर नहीं निकल पाता। पानी एकत्र होने के कारण दीवार की मदद से वह ऊपर चढ़ने लगता है।




# मानसून के मौसम में इन हैक्स की मदद से करें सफाई

## क्लीन और स्मेल फ्री रहेगा घर

मानसून और बारिश में घर को साफ-सुथरा रखना किसी चैलेंज से कम नहीं होता। बारिश के कारण घर में 24 घंटे नमी बनी रहती है जिसकी वजह से लकड़ी के फर्नीचर और कपड़ों में स्मेल और दीमक लगने की संभावना बढ़ जाती है। वहीं बाहर से आने पर घर में पानी के साथ-साथ कीचड़-मिट्टी हो जाता है। हालांकि सही क्लीनिंग हैक्स की मदद से इससे निजात पा सकती हैं। इन हैक्स को अपनाकर आप कम मेहनत में अपने घर को क्लीन और स्मेल फ्री रख सकती हैं।

### बारिश में घर को साफ करने के लिए अपनाएं ये हैक्स

आमतौर पर बारिश के मौसम में सफाई का काम कई गुना बढ़ जाता है। इस समय कम धूप और ज्यादातर बारिश होती रहती है जिसके कारण से सीलन और चिपचिपाहट बनी रहती है। बेशक ही तेज हवा और बारिश गर्मी से आराम दिलाता है लेकिन काम बढ़ा देता है। इस दौरान न सिर्फ कीचड़ घर के अंदर आता है बल्कि कीड़े-मकोड़े भी बढ़ जाते हैं।

### पानी सोखने वाले डोरमैट का करें इस्तेमाल

डोरमैट का इस्तेमाल हम सभी पैरों और जूतों पर लगी मिट्टी को साफ करने के लिए करते हैं। इस मौसम में घर के दरवाजे पर ऐसा डोरमैट बिछाए जो पानी और गंदगी को आसानी से सोख लें। आज के समय लोग बाजार में मिलने वाले फैशनेबल मैट का इस्तेमाल करते हैं, जिसमें पानी और गंदगी को साफ करना आसान तो होता है लेकिन इन्हें साफ करना काफी मुश्किल हो जाता है। बारिश में हल्का और नमी सोखने वाला डोरमैट इस्तेमाल करें। आप चाहें तो इसे घर पर पुराने कपड़े की मदद से बना सकती हैं। पायदान को दूसरे व तीसरे दिन में धोकर सुखा दें।

### घर के अंदर आने वाले पानी को रोके

बारिश में घरों में सीलन आने की समस्या काफी आम बात है। लेकिन इससे होने वाली दिक्कत हर किसी को परेशान करती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले सीलन की समस्या का उपाय खोज लें। इसके लिए घर में बनी नालियों को साफ करें। दीवारों पर वाटरप्रूफ पेंट करें। दरार वाली जगहों को चेक कर सही कराएं।

### अलमारी को बारिश से पहले करें साफ

वैसे तो हर मौसम में अपनी अलमारी को साफ करना जरूरी है। लेकिन अगर आपने अलमारी को दीवार से चिपकाकर रखा है तो उसकी नमी कपड़ों तक पहुंच जाती है। ऐसे में बारिश शुरू होने से पहले अलमारी को दीवार से हटाएं। इसके बाद अलमारी के अंदर बनी रैक पर पेपर बिछाकर कपड़ों को सही से व्यवस्थित करें। नमी आने के कारण अक्सर कपड़े बदबू करने लगते हैं। ऐसे में आप कपूर, दालचीनी और नीम की पत्तियों को बांधकर इसके बीच में रखें। ये सामग्री नमी को सोखने का काम कर उन्हें सुरक्षित रखता है।



# बरसाती कीड़ों से पाना है छुटकारा तो ऐसे करें घर की सफाई

बारिश के मौसम में बरसाती कीड़े के साथ ही घर में चीटी और काकरोच जैसी चीजें भी आने लगती है। ऐसे में अगर घर में छोटे बच्चे हैं तो आपको थोड़ा सतर्क रहना चाहिए। बारिश के मौसम में घर की सफाई करने के लिए आपको कुछ आसान हैक्स की मदद लेनी चाहिए।

### दरार और छेद को बंद करें

घर की दीवारों, दरवाजों और खिड़कियों में मौजूद दरारों और छेदों को सीलेंट या प्लास्टर से बंद करें ताकि कीड़े घर के अंदर न आ सकें। ध्यान रखें कि मानसून के दिनों में घर की सफाई सही तरीके से करना चाहिए।

### कूड़ेदान को साफ रखें

कूड़ेदान को रोजाना साफ करना चाहिए। अगर आप डेली कूड़ेदान को साफ नहीं करती हैं तो उसमें कीड़े लगने लगते है। कचरे को समय-समय पर बाहर निकालें। साथ ही आपको कूड़ेदान को भी धोते रहना चाहिए।

### घर में जाली लगाएं

खिड़कियों और दरवाजों पर मानसून के महीने में जाली लगाएं ताकि कीड़े अंदर न आ सकें। साथ ही आपको रोजाना अपने घर को शाम के समय पोछा लगाना होगा।

### गंदे बर्तन न छोड़ें

खाना खाने के बाद बर्तनों को तुरंत साफ करें। गंदे बर्तन लंबे समय तक छोड़ने के कारण बर्तन में कीड़े लगने लगते हैं। ऐसे में आपको ध्यान रखना है कि रात के समय भूलकर भी बर्तन को बेसिन में ना छोड़े।



# बरसात में आपका घर न लगे अस्त-व्यस्त, इसलिए उसे इस तरह से करें व्यवस्थित

**मानसून अपने साथ राहत लेकर आता है, यह तो हमको मालूम ही है। मगर आपने ध्यान दिया होगा कि अक्सर बारिश होने की वजह से चीजें अस्त-व्यस्त रहती हैं। घरों में सीलन आदि होने लगती है और इसी के कारण बदबू भी होने लगती है।**

जरूरी है कि मानसून में आप अपने साथ-साथ घर का भी पूरा ख्याल रखें। अपने घर को मेंटेन रखने के लिए आप क्या-क्या तरीके अपना सकती हैं, इसके बारे में आपने सोचा है? अगर नहीं, तो हम ऐसे ही कुछ खास तरीके आपको बताने वाले हैं, जिसके साथ आप अपने घर को व्यवस्थित कर सकती हैं और मानसून की टेंशन से दूर हो सकती हैं।

### खुशबू का रखें ख्याल

मानसून के कारण घरों में से एक अजीब से महक आना शुरू हो जाती है। वह दीवारों के गीले होने के कारण होती है। ऐसे में कभी आपके घर कोई मेहमान आ जाए तो आपको कितनी फजीहत होगी। ऐसा न हो इसके लिए हमेशा नियमित रूप से घर की साफ-सफाई करें। इसके अलावा अपने लिविंग रूम में एक पोटपोरी रखें, जिसमें एसेंशियल ऑयल डाला जाता है। इससे आपके कमरे खुशबू से महकते रहेंगे और गंदी बदबू से आपको छुटकारा मिलेगा।

### इंडोर प्लांट्स लगाएं

अब इंडोर प्लांट्स तो आपके घर में होंगे ही, लेकिन ऐसे मौसम में उन पौधों को घर पर रखें, जो घर से ह्यूमिडिटी हटा सकें। साथ ही ऐसे पौधे भी लाएं, जो कम सनलाइट में भी बढ़ सकें। अगर किसी विशेष एरिया पर ज्यादा पौधे हैं, तो उन्हें हटाकर बालकनी की तरफ ले जाएं। मानसून में पौधों पर जल्दी कीड़े लगते हैं, इसका भी ध्यान रखें और उनकी देखभाल अच्छे से करें।

### कारपेट्स को करें क्लीन

मानसून में सबसे ज्यादा गंदगी आपके कालीन पर होती है। वे जल्दी नम हो जाते हैं और उनमें धूल-मिट्टी भी चिपक जाती है। इस कारण कमरे में से गंदी बदबू आने लगती है। इसे हटाने के लिए कार्पेट को रोजाना वैक्यूम क्लीनर से क्लीन करें। हफ्ते में दो बार कार्पेट की डीप क्लीनिंग करें। वहीं, ऐसा बार-बार करना न चाहते हों, तो इस मौसम में कारपेट बिछाने से बचें। यह आप आपका वक्त भी बचाएगा और घर में गंदगी भी नहीं होगी।

### लकड़ी के फर्नीचर का रखें खास ख्याल

हम सब जानते हैं कि मानसून में लकड़ी के फर्नीचर कितनी जल्दी खराब होते हैं। नमी के कारण लकड़ी फूल जाती है और दीमक की समस्या भी उत्पन्न होती है। इससे अपने फर्नीचर को बचाने के लिए नियमित रूप से वैक्सिंग का सहारा लें। अगर आपके दरवाजे, खिड़कियां फूली हुई लगें, तो सैंडपेपर की मदद से उन्हें साफ करें। ऐसे मौसम में किसी तरह का रेनोवेशन करवाने से भी बचना चाहिए। यह चीजों को और अस्त-व्यस्त कर सकता है।

### किताबों की जगह बदलें

अगर आपके घर में सामान से ज्यादा किताबें रहती हैं, तो इस मौसम में उनका भी ख्याल रखें। अपने बुक शेल्फ को ऐसी जगहों से दूर कर दें, जहां नमी जल्दी पकड़ी हो। साथी ही उनके बीच कपूर की गोलियां डालना न भूलें। आप किताबों की आलमारी में सिलिका जेल के पाउच भी रख सकते हैं। इससे मॉइश्चर में कमी आती है और यह आसानी से बाजारों में उपलब्ध भी हो जाते हैं। इतना ही नहीं, घर की वायरिंग का भी खास ख्याल देना जरूरी है। मानसून में फ्लकचुएशन बहुत होती है। शॉर्ट सर्किट न हो इसके लिए अपनी वायरिंग की जांच भी करवाएं।



# लुक चेंज करने के लिए पहनें माहेश्वरी साड़ी

**साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। लेकिन यह तभी अच्छी लगती हैं, जब आप सही कलर और डिजाइन को इवेंट के हिसाब से वियर करते हैं।**

साड़ी स्टाइल करना हम सभी को पसंद होता है। इसलिए जब भी साड़ी किसी खास दिन पर पहनने की बात आती है तो हम अलग-अलग डिजाइन ऑप्शन को सर्च करते हैं, ताकि सबसे अलग नजर आ सके। वहीं कई सारे लोग ऐसे होते हैं, जो इवेंट के हिसाब से साड़ी खरीदते हैं। वहीं कुछ फैब्रिक देखकर उन्हें खरीदना और पहनना पसंद करते हैं। अगर आपको भी कुछ नए फैब्रिक को ट्राई करना है तो आप इसके लिए मध्य प्रदेश की फेमस माहेश्वरी साड़ी को वियर कर सकती हैं। यह सिल्क फैब्रिक से तैयार की जाती है। साथ ही, पहनने में कंफर्टेबल होती है।

### माहेश्वरी गोल्डन जरी वर्क साड़ी

साड़ी डिजाइन में आप गोल्डन वर्क वाली जरी वाले पैटर्न को ट्राई कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी सॉफ्ट कपड़े से बनाई जाती है। इसलिए, इसे पहनना आसान होता है। वहीं इसमें जो वर्क किया जाता है वो बॉर्डर और पल्लू पर किया जाता है। इससे साड़ी और अच्छी लगती है। इसे हैवी टत देने के लिए छोटी-छोटी बूटी के डिजाइन को पूरी साड़ी में डिजाइन किया जाता है। साड़ी सिंपल भी लगती है। लेकिन जब एक्सेसरीज के साथ वियर की जाती है तो हैवी लुक देती है। आप इसे किसी भी इवेंट पर वियर कर सकती हैं। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। इस तरह की साड़ी आपको मार्केट में 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी।

### बाटिक प्रिंट साड़ी डिजाइन

साड़ी स्टाइल करना पसंद है, तो आप बाटिक प्रिंट साड़ी स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी दिखने में सुंदर लगती है। साथ ही, कॉटन साड़ी जैसा लुक देती है। आप इस तरह की साड़ी को ऑफिस या डे पार्टी में अच्छी एक्सेसरीज के साथ स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक भी अच्छा लगेगा। साथ ही, आप सबसे अलग नजर आएंगी। इसमें आपको प्रिंट और डिजाइन अलग-अलग मिल जाएंगे, जिससे आपका लुक अच्छा लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 500 रुपये में मिल जाएगी।

### कॉटन सिल्क माहेश्वरी साड़ी

आप फोटो में नजर आने वाली कॉटन माहेश्वरी सिल्क साड़ी को भी वियर कर सकती हैं। इस तरह की साड़ी डिजाइन डिफरेंट होते हैं। साथ ही, स्टाइल करने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें आपको डबल कलर के साथ बॉर्डर मिलेगा। साथ में गोल्डन जरी वर्क डिजाइन का पैटर्न मिलेगा। इससे साड़ी क्लासी नजर आएगी। आप इस साड़ी को किसी भी फंक्शन में स्टाइल कर सकती हैं। इससे आपका लुक अलग और सुंदर लगेगा। मार्केट में इस तरह की साड़ी आपको 1,000 से 2,000 रुपये में मिल जाएगी। मार्केट जाकर इस बार सिल्क या कॉटन नहीं बल्कि माहेश्वरी साड़ी को वियर करें। इसमें आपका लुक अच्छा लगेगा। साथ ही आपको कुछ नया ट्राई करने को मिलेगा।

# टिहरी बांध का निर्माण किसी आश्चर्य और इंजीनियरिंग चमत्कार से कम नहीं है : मनोहर

● ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी
● पीएसपी के आउटफॉल सहित कई प्रमुख भागों का विस्तृत निरीक्षण किया



नई दिल्ली। एजेंसी

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने सोमवार को 2400 मेगावाट टिहरी हाइड्रो पावर कॉम्प्लेक्स का दौरा किया। अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने ने 1000 मेगावाट के टिहरी पंप स्टोरेज प्लांट (पीएसपी) में चल रही निर्माण गतिविधियों का निरीक्षण किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टिहरी बांध टीएचडीसीआईएल के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है, जो ऐसे समय में पूरा हुआ है, जब इतने बड़े बांध का विचार लगभग अकल्पनीय लग रहा था। टिहरी बांध का विकास अपने आप में किसी आश्चर्य और इंजीनियरिंग चमत्कार से कम नहीं है। ऊर्जा मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी।

केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने बटरफ्लाई वाल्व चैंबर, मशीन हॉल और टिहरी पीएसपी के आउटफॉल सहित कई प्रमुख भागों का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने नदी को जोड़ने के कार्य की भी समीक्षा की, जो पीएसपी को मौजूदा जल प्रबंधन प्रणालियों में एकीकृत करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है। मौजूदा प्रयासों की सराहना करते हुए केंद्रीय मंत्री ने टीएचडीसीआईएल की पूरी टीम को नवीकरणीय और विश्वसनीय जलविद्युत उत्पादन को आगे बढ़ाने की दिशा में उनके अथक समर्पण और कड़ी मेहनत के लिए बधाई दी। ऊर्जा मंत्रालय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधिमंडल का टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक आरके विश्नोई, निदेशक (कार्मिक) शलिन्दर सिंह, निदेशक (तकनीकी) भूपेन्द्र गुप्ता तथा टीएचडीसीआईएल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने गर्मजोशी से स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री ने टीम की महत्वपूर्ण उपलब्धियों और 2400 मेगावाट टिहरी पावर कॉम्प्लेक्स के विकास में स्थापित किए गए उच्च मानकों को स्वीकार करते हुए कहा जलविद्युत परियोजनाओं में टीएचडीसी का योगदान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण को वास्तविक रूप दे रहा है।

टीएचडीसीआईएल प्रबंधन और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मंत्री ने जलवायु परिवर्तन से निपटने और राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा का समर्थन करने में जलविद्युत के रणनीतिक महत्व पर जोर दिया। उन्होंने पूरी टीम से अपनी गति बरकरार रखने और शेष परियोजना चरणों को निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने पर ध्यान केंद्रित करने का अनुरोध किया। उन्होंने जलविद्युत प्रौद्योगिकी की सीमाओं को आगे बढ़ाने में टीएचडीसीआईएल के प्रयासों की प्रशंसा की और टीम से उत्कृष्टता के लिए अपने प्रयास जारी रखने का आग्रह किया।

## एक नजर

### छड़ी मुबारक से जुड़े कार्यक्रम 21 जुलाई को पहलगाम में किए जाएंगे : महंत दीपेंद्र गिरि



**श्रीनगर।** महंत दीपेंद्र गिरि महंत छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी ने सोमवार को घोषणा की है कि सदियों पुरानी परंपरा के अनुसार छड़ी मुबारक स्वामी अमरनाथ जी की वार्षिक तीर्थयात्रा के पारंपरिक शुभारंभ से जुड़े भूमि-पूजन, नवग्रह पूजन और ध्वजारोहण जैसे अनुष्ठान इस वर्ष 21 जुलाई को पड़ने वाली आषाढ़-पूर्णिमा (व्यास-पूर्णिमा) के शुभ अवसर पर पहलगाम में किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि छड़ी मुबारक को 4 अगस्त को ऐतिहासिक शंकराचार्य मंदिर और 5 अगस्त को शारिका भवानी मंदिर ले जाया जाएगा। उसके बाद 7 अगस्त को श्री अमरेश्वर मंदिर दशनामी अखाड़ा श्रीनगर में छड़ी स्थापना के लिए अनुष्ठान किए जाएंगे।

### महिलाओं व छात्रों ने किया पौधरोपण



**गोपेश्वर।** हरेला पर्व की पूर्व बेला पर सोमवार को देवाल के पूर्णा गांव की महिलाओं, प्राथमिक विद्यालय के छात्रों ने ग्राम प्रधान मनोज कुमार की अगवाई में पौधरोपण किया। इस मौके पर 35 फलदार पौधों का रोपण किया गया, जिसमें नींबू, माल्टा, अमरुद, आंवला, तेजपत्ता आदि के पौध थे। पौधों के संरक्षण का जिम्मा ग्रामीणों ने लिया। ग्राम प्रधान मनोज कुमार ने कहा कि उत्तराखंड का पर्यावरण पर्व हरेला सदियों से चला आ रहा है। पूरे गांव की सरहद पर फलदार पौधे रोप कर फल पट्टी बनाई जाएगी।

### जमीन हड़पने के लिए बनाया फर्जी एग्रीमेंट

**शिमला।** जमीन हड़पने के इरादे से एक शख्स ने फजीर्बाड़ा कर जमीन का फर्जी एग्रीमेंट बना दिया। इस मामले में पीड़ित ने आरोपित के विरुद्ध धोखाधड़ी की एफआईआर दर्ज करवाई है। मामला राजधानी के न्यू शिमला थाना क्षेत्र में सामने आया है। पुलिस इसकी जांच में जुट गई है। अभी तक आरोपित की गिरफ्तारी नहीं हुई है। न्यू शिमला निवासी सिंघी राम ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि लोअर बाजार के रहने वाले भूपिंदरजीत कश्यप ने संपत्ति बेचने के लिए एक जाली समझौता नामा बनाया है, जबकि भूपिंदरजीत कश्यप द्वारा वर्णित संपत्ति को बेचने के लिए पार्टियों के बीच कभी कोई समझौता नहीं हुआ है।

### एक युवक की गोली मारकर हत्या

**रोहतक।** महम थाना के अंतर्गत गांव सीसर खास में रविवार की रात एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने इस संबंध में दस से अधिक आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज किया है।परिजनों के अनुसार पुरानी रंजिश में वारदात को अंजाम दिया गया है। पुलिस के अनुसार गांव सीसर खास निवासी सुनील के चाचा ने गांव के बाहर शराब का ठेका ले रखा है। देर रात करीब एक बजे सुनील बाइक से ठेके पर गया था और जब वह वापस आ रहा था, इसी दौरान कई युवकों ने उस पर गोली चला दी। गोली लगने से सुनील मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर गया और हमलावर मौके से फरार हो गए।

### 26 जुलाई को पेश किया जाएगा पूर्ण बजट

**जम्मू।** लोकसभा में देश का आम बजट 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। जबकि इसके कुछ दिन बाद जम्मू-कश्मीर का पूर्ण बजट पेश होगा। सूत्रों के अनुसार इस बार जम्मू कश्मीर का बजट 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक होने की उम्मीद है। बताया जा रहा है कि वित मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को संसद में केंद्रीय बजट पेश करेंगी। जबकि जम्मू-कश्मीर का बजट 26 जुलाई को आम बजट के बाद सदन में पेश किए जाने की उम्मीद है। लेकिन अभी तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। यह एक दिन आगे पीछे भी हो सकती है।

### गुजरात में सड़क हादसा, छह की मौत

**आणंद।** गुजरात में आणंद के पास आज सुबह सड़क हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और आठ घायल हो गए। इनमें से कुछ घायलों की हालत गंभीर है। मृतक संख्या बढ़ने की आशंका है। यह हादसा अहमदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेस हाइवे पर आणंद के पास चीखोदरा में हुआ। ट्रक अचानक टायर फटने से अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी लग्जरी बस से टकरा गया। इस टक्कर से बस डिवाइडर पर बैठे यात्रियों पर पलट गई। इससे छह यात्री दब गए। इनमें से तीन की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि तीन अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

### कमिश्नर का एसडीएम कार्यालय में औचक निरीक्षण

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी के एसडीएम कोर्ट परिसर में कुमाऊं कमिश्नर दीपक रावत अचानक निरीक्षण के लिए पहुंच गए। इससे एसडीएम कोर्ट के कर्मचारियों और वहां मौजूद वकीलों में हड़कंप मच गया। कुमाऊं कमिश्नर ने एसडीएम कोर्ट स्थित एसडीएम कार्यालय, सिटी मजिस्ट्रेट कार्यालय और प्राधिकरण के कार्यालय में निरीक्षण किया। उन्होंने सभी कार्यालयों में कामकाज के बारे में जानकारी ली।

### पार्षद ने सड़क पर बने गड्ढे को लेकर किया प्रदर्शन

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी में सड़कों के गड्ढे दुरुस्त नहीं किए जाने को लेकर वार्ड-58 के निवर्तमान पार्षद मनोज जोशी ने मोर्चा खोल दिया है। उन्होंने पानी से भरे सड़क के गड्ढे के पास धरना दिया और समर्थकों के साथ प्रदर्शन किया। पार्षद मनोज जोशी ने कहा कि अधिकारियों से कई बार गुहार लगाने के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हुई। मुख्यमंत्री पोर्टल में शिकायत दर्ज कराने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई।

## बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन

● पीपीएसी में किए गए इजाफे को वापस लेने की मांग की



नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने बिजली दरों में बढ़ोत्तरी के खिलाफ सोमवार को राष्ट्रीय राजधानी में बिजली वितरण कंपनियों के कार्यालयों के बाहर प्रदर्शन किया। भाजपा नेताओं ने बिजली खरीद समायोजन लागत(पीपीएसी) में की गई बढ़ोत्तरी


दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली सरकार पीपीएसी के नाम पर दिल्ली की जनता को लूट रही है। पीपीएसी अवैध है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता दिल्ली के लोगों के हित में तब तक प्रदर्शन जारी रखेंगे, जब तक दिल्ली सरकार बढ़ी हुई दरें वापस नहीं ले लेती है। कड़कड़डूमा स्थित बिजली कंपनी के बाहर दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने धरना देकर प्रदर्शन किया। सांसद मनोज तिवारी ने एनडीपीएल कार्यालय, हडसन लेन में धरने का नेतृत्व किया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने वसंत कुंज स्थिति बीएसईएस कार्यालय के बाहर धरना दिया। सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने चांदनी चौक स्थित टाउन हॉल चौक पर धरना दिया। सांसद कमलजीत सहरावत ने नजफगढ़ स्थिति 220 केवी ग्रिड सब स्टेशन के बाहर धरना प्रदर्शन किया।

### मुख्यमंत्री योगी ने कन्नौज सड़क हादसे का लिया संज्ञान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद कन्नौज में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया है। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। साथ ही घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाकर जिला प्रशासन के अधिकारियों को उनके समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री योगी ने जिला प्रशासन के अधिकारियों को मौके पर पहुंचकर राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उल्लेखनीय है कि सौरिख थाना क्षेत के आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर सलेमपुर गांव के पास एक्सप्रेस-वे की दूसरी लेन पर पंजाब से फिरोजाबाद जा रही डीसीएम के चालक रमनदीप को नींद की झपकी आ गई। इस दौरान अनियंत्रित होकर डीसीएम ने मध्य डिवाइडर व उसमें लगी जाली को तोड़ते हुए पिकअप में टक्कर मार दी। हादसे में पिकअप सवार एक महिला और बच्चे की मौत हो गई।आठ लोग घायल हुए हैं जिन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मेडिकल कॉलेज में रज्जो, रमांती, राजन व दीपक की हालत नाजुक होने से कानपुर के हैलट अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव एनडीए जीते इस दिशा में रालोद कर रहा तैयारी : अनुपम

● कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर उपचुनाव में विजयी हासिल करने की रणनीति बनाई है



लखनऊ। एजेंसी

उत्तर प्रदेश की रिक्त विधानसभा की 10 सीटों पर उपचुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन की पार्टियों ने तैयारियां तेज कर दी है। इसी क्रम में राष्ट्रीय लोकदल ने भी प्रदेश की 10 सीटों पर जीत के लिए पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर उपचुनाव में विजयी हासिल करने की रणनीति बनाई है।

रालोद ने इसको लेकर तैयारियां भी तेज कर दी है। इस संबंध में रालोद के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा ने सोमवार को बताया कि आने वाले दिनों में प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने हैं। इसको लेकर एनडीए गठबंधन सभी सीटों पर चुनाव की तैयारी कर रहा है। राष्ट्रीय लोकदल एनडीए का घटक दल है इसको लेकर चुनाव में हमारी भी सहभागिता होगी। उन्होंने कहा कि यह महत्वपूर्ण नहीं है कि किसके खाते में कौन सी सीट जाती है।

महत्वपूर्ण यह है कि आगामी उपचुनाव में 10 सीटें एनडीए के पास आए। उपचुनाव में रालोद के खाते ही मेरापुर की सीट है जिससे चंदन चौहान लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं, वह सीट खाली है और एक अलीगढ़ की खैर सीट ऐसी है जहां के समीकरण कहते हैं कि रालोद के पक्ष में आते हैं। वहीं गाजियाबाद सदर सीट की बात हो रही है।

राष्ट्रीय सचिव ने कहा कि पार्टी का पदाधिकारी और कार्यकर्ता इस मन और मनोयोग से काम कर रहे हैं कि सीटें गठबंधन में चाहे किसी के पास जाए भारतीय जनता पार्टी उस पर लड़ती है या रालोद लड़ता है तो विजयी हमरी (गठबंधन) की होनी चाहिए। इसी दिशा में हम तैयारी कर रहे हैं कि सभी सीटें एनडीए गठबंधन जीते और हमारे कार्यकर्ताओं में एक नवीन ऊर्जा का संचार हो।

उल्लेखनीय है कि उप्र में विधानसभा उपचुनाव को लेकर एनडीए गठबंधन की पार्टियों में टिकट बंटवारें की मांग उठनी लगी है। सीटों को लेकर रालोद तीन सीटों पर अपने उम्मीदवार खड़े करना चाहती है। जो वहीं निषाद पार्टी मिजार्पुर की मंझवा सीट अपने पास रखना चाह रही है। हालांकि अभी माना जा रहा है कि उपचुनाव में भाजपा किसी सहयोगी दल को सीट ऑफर नहीं करने वाली है।

## हिमाचल में कांग्रेस को लोकसभा चुनाव में मिली हार पर मंथन शुरू, बनी दो सदस्यीय कमेटी

शिमला। एजेंसी



हिमाचल में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस को लगातार तीसरी बार 4-0 शिकस्त झेलनी पड़ रही है। साल 2014 और 2019 की तरह इस मर्तबा भी कांग्रेस को सभी चारों सीटों पर भारी मतों से हार का सामना करना पड़ा है। कांगड़ा से कांग्रेस के कदावर नेता व पूर्व केंद्रीय मंत्री आंनद शर्मा की करीब पौने तीन लाख मतों से हार हुई है। मंडी से सुक्खू सरकार में लोकनिर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह 74 हजार मतों से हारे। इसी तरह हमीरपुर से सतपाल रायजादा पौने दो लाख और शिमला सीट से विधायक विनोद सुल्तानपुरी की 90 हजार मतों से हार हुई। सूबे में कांग्रेस के सत्तारूढ़ होने के बावजूद लोकसभा चुनाव में मिली हार को हाईकमान बड़ी गम्भीरता से ले रही है।

एआईसीसी ने हार की समीक्षा के लिए सांसद रजनी पाटिल और पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया की दो सदस्यीय कमेटी बनाई है। यह कमेटी शिमला में मंत्रियों, विधायकों व संगठन के लोगों से बैठकें कर हार के कारणों को खंगाल रही है। इसके बाद कमेटी विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पार्टी हाईकमान को सौंपेगी।

रजनी पाटिल ने कहा कि लोकसभा चुनावों में हार को लेकर सरकार, पार्टी नेताओं और पदाधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाएगी। सभी से बैठक कर पार्टी आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी जाएगी और उसके बाद पार्टी हाई कमान आगामी निर्णय लेगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल के बाद उत्तराखंड में भी हार की समीक्षा की जाएगी। बैठक को लेकर कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार को लेकर दो दिन कमेटी मंथन करेगी और हार के कारणों की जानकारी हासिल की जाएगी। उपचुनाव के बाद सरकार अब पूरी तरह से स्थिर और सीएम सुक्खू से संगठन के लोगों को निगमों और बोर्ड में नियुक्तियां देने का आग्रह भी किया जाएगा।

समीक्षा बैठक में पहुंचे मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लोकसभा चुनाव में हार की समीक्षा की जा रही है। चारों लोकसभा सीट पर कांग्रेस हारी है लेकिन कांग्रेस का वोट शेयर 14 फीसदी बढ़ा है। पार्टी हाई कमान ने हार के कारणों को लेकर कमेटी गठित की है जो सभी से बातचीत कर कारणों की जानकारी जुटा रही है। उन्होंने कहा कि विधान सभा उप चुनाव में भविष्य की राजनीति को हिमाचल की जनता ने आईना ने दिखा दिया।जनता के वोट से चुनी सरकार को नोट के दम से गिराने की कोशिश की गई लेकिन हिमाचल की जनता ने बता दिया कि हम घर भी बिठा देते हैं। भाजपा चुनाव में एजेंसियों का दुरुपयोग करती है लेकिन इनसे घबराने की जरूरत नहीं है।

## जम्मू आतंकी हमलों के पीछे है पाकिस्तान की हताशाः केसरी

जम्मू। एजेंसी

शिवसेना हिंदुस्तान जम्मू-कश्मीर के अध्यक्ष पंडित राजेश केसरी ने अरनिया में जम्मू क्षेत्र में हुए हालिया हमलों को लेकर पाकिस्तान के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और इसे पाकिस्तान स्थित आतंकवादियों द्वारा कायरतापूर्ण कृत्य बताया। विरोध प्रदर्शन में भाग लेने वालों में प्रमुख रूप से बलवीर कुमार, बलवंत सैनी रमेश कुमार, सुरेश कुमार, राजेश कुमार, विजय लूथरा, राजकुमार, ब्रह्म सिंह, दर्शना देवी, नीरू देवी, रजनी देवी, विजय कुमारी के अलावा अन्य शामिल थे।

पाकिस्तान विरोधी नारे लगाते हुए और भारत माता की जय के नारे लगाते हुए प्रदर्शनकारियों ने हमारे बहादुर सुरक्षा बलों को कायरतापूर्ण तरीके से निशाना बनाने के लिए पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देने की मांग की। उन्होंने देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुर सैन्य कर्मियों को श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर बोलते हुए केसरी ने कहा कि हम देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले सेना के जवानों को श्रद्धांजलि देते हैं। हम उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि हम देश की रक्षा करने वाले इन बहादुरों के लिए अपनी जान देने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने हाल ही में हुए आतंकी हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों द्वारा किया गया कायरतापूर्ण कृत्य है। पाकिस्तान जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद को प्रायोजित करना जारी रखता है। उन्होंने कहा कि जब पाकिस्तान भारत से सीधे भिड़ने में विफल रहता है तो वह आतंकवादियों के माध्यम से कायरतापूर्ण आतंकी हमले करता है। उन्होंने कहा कि वे जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद का समर्थन और प्रायोजन करना जारी रखते हैं।

कार्यक्रम | सर्जरी में आचार्य सुश्रुत के योगदान का जश्न

## एआईआईए ने किया 25 लाइव सर्जरी का प्रदर्शन

● एआईआईए आयुर्वेद को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है

● पिछले एक वर्ष में एआईआईए की सर्जिकल प्रक्रियाओं से लगभग 1500 मरीज लाभान्वित हुए हैं



नई दिल्ली। एजेंसी

अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान (एआईआईए) के शल्य तंत्र विभाग ने सुश्रुत जयंती के अवसर पर द्वितीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सौश्रुतम में 25 लाइव सर्जरी की , जिसे देश भर से आए 160 विशेषज्ञों को लाइव प्रदर्शित किया गया। 13 जुलाई से शुरू तीन दिवसीय संगोष्ठी में लाइव सर्जिकल वर्कशॉप के दौरान भगंदर (फिस्टुला-इन-एनो), अर्श (बवासीर), पिलोनिडल साइनस, पित्ताशय की पथरी, हर्निया आदि के रोगियों पर वीएएफटी, लैप्रोस्कोली और लेजर और पारंपरिक शैल विधियों जैसी नई तकनीकों का उपयोग कर-के ऑपरेशन किए गए। पिछले एक वर्ष में एआईआईए की सर्जिकल प्रक्रियाओं से लगभग 1500 मरीज लाभान्वित हुए हैं।


संगोष्ठी के समापन समारोह में सोमवार को एआईआईए की निदेशक डॉ. तनुजा नेसारी ने कहा कि एआईआईए आयुर्वेद को विश्व स्तर पर स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध है। शल्य तंत्र विभाग द्वारा आयोजित सौश्रुतम, आयुर्वेद को अत्याधुनिक सर्जिकल तकनीक के साथ एकीकृत करने, उन्नत कौशल और एकीकृति सर्जिकल प्रथाओ में आत्मविश्वास के साथ इच्छुक आयुर्वेदिक सर्जन को सशक्त बनाने के लिए हमारे समर्पण का उदाहरण है।

शल्यतंत्र के एचओडी प्रोफेसर डॉ. योगेश बडवे ने कहा कि टीम सौश्रुतम ने संगोष्ठी को हर आयाम से एक सफल मंच बनाने के लिए अपनी पेशेवर प्रतिबद्धता के बावजूद बड़े उत्साह और अथक रूप से काम किया है। इस संगोष्ठी में एम्स भोपाल के संस्थापक निदेशक प्रोफेसर संदीप कुमार, पद्मश्री प्रो. मनोरंजन साहू, संस्थापक निदेशक एआईआईए, डीन पीजी प्रोफेसर (डॉ.) आनंद मोरे और एआईआईए के अन्य वरिष्ठ संकाय सदस्यों की उपस्थिति भी रहे।

## ट्रंप पर हमला करने वाले के घर और गाड़ी में मिला विस्फोटक और बम बनाने की सामग्री

बटलर। एजेंसी

अमेरिका में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की चुनावी रैली में गोली चलाने के आरोपित की गाड़ी और घर से विस्फोटक और बम बानाने का सामान बरामद किया गया है। कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि संदिग्ध के घर में भी बम बनाने की सामग्री मिली है। दो अधिकारियों ने नाम जाहिर नहीं होने की शर्त पर यह जानकारी दी। ज्ञात रहे कि ट्रंप (78) शनिवार को पेनसिल्वेनिया में एक रैली में उस समय बाल-बाल बच गए, जब 20 वर्षीय हमलावर ने उन पर कई गोलियां चलाईं। इस हमले में वह जख्मी हो गए और उनके



कान पर चोट आई। गोलीबारी की इस घटना में ट्रंप की रैली में मौजूद एक व्यक्ति की जान चली गई। और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने हमलावर को मार गिराया। मेलानिया ट्रंप ने अमेरिकियों से नफरत से ऊपर उठने की अपील की हत्या के प्रयास के दौरान अपने पति और पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बाल-बाल बच जाने के कई घंटे बाद मेलानिया ट्रंप ने रविवार को अमेरिकियों से नफरत से ऊपर उठने तथा प्रेम से भरी दुनिया को साकार करने की अपील की। पति के घायल होने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया में मेलानिया ट्रंप (54) ने यह बताने की चेष्टा की कि इस घटना के उनके और उनके परिवार के लिए क्या मायने हैं।


## एक नजर

### मैनचेस्टर यूनाइटेड ने बोलोग्ना के स्ट्राइकर जिर्कजी के साथ किया पांच साल का करार



**लंदन।** इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर यूनाइटेड ने रविवार को 36.54 मिलियन पाउंड (45 मिलियन अमेरिकी डॉलर) के सौदे में बोलोग्ना से डच अंतरराष्ट्रीय स्ट्राइकर जोशुआ जिर्कजी के साथ पांच साल का करार किया है। 23 वर्षीय खिलाड़ी जिर्कजी, एंथनी मार्शल के जाने की भरपाई करेंगे, जिन्होंने जून के अंत में ओल्ड ट्रैफर्ड छोड़ दिया था, जब उनका अनुबंध समाप्त हो गया था। यूनाइटेड ने कथित तौर पर जिर्कजी के रिलीज क्लॉज से थोड़ा अधिक शुल्क का भुगतान किया है, जिससे उन्हें वित्तीय निष्पक्षता नियमों को पूरा करने में मदद करने के लिए भुगतान को तीन वर्षों में फैलाने की अनुमति मिलती है। फॉरवर्ड ने पिछले सीजन में इतालवी पक्ष के लिए 37 मैचों में 12 गोल किए, लेकिन यूरो 2024 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड से 2-1 से हारने वाली नीदरलैंड्स की राष्ट्रीय टीम के लिए केवल दो बार स्थानापन्न के रूप में दिखाई दिए। उन्होंने मैनचेस्टर यूनाइटेड की वेबसाइट के हवाले से कहा इस तरह के प्रतिष्ठित क्लब में शामिल होना उनके लिए सौभाग्य की बात है।

### प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने वाले सबसे युवा पुरुष फुटबॉलर बने लामिन



**बर्लिन।** स्पेनिश अटैकर लामिन यामल किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के फाइनल में खेलने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष फुटबॉलर बन गए हैं। वह यूरो 2024 फाइनल में स्पेन की टीम का हिस्सा थे। यूरो 2024 के फाइनल मैच में स्पेन ने ओलमियास्टेडियन बर्लिन में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर खिताब अपने नाम किया। वर्तमान में, यामल 17 वर्ष और 1 दिन के हैं और उन्होंने प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूनामेंट के फाइनल में खेलने वाले सबसे कम उम्र के पुरुष खिलाड़ी होने का महान फुटबॉलर पेले का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। 1958 में, पेले विश्व कप फाइनल में शामिल थे, जब ब्राजील ने स्टॉकहोम में स्वीडन को 5-2 से हराकर प्रतिष्ठित ट्रॉफी हासिल की थी। उन्होंने स्वीडन के खिलाफ उस फाइनल में दो गोल किए थे। बता दें कि निको विलियम्स और मिकेल ओयारजाबल के गोलों की बदौलत स्पेन ने इंग्लैंड को 2-1 से हराकर यूरो 2024 का खिताब जीत लिया है। स्पेन ने रिकॉर्ड चौथी बार यूरोपीय चैंपियन का खिताब जीता। स्पेन टूनामेंट के 2024 संस्करण में अपराजित रहा और उसने प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की।

### जर्मनी के फुटबॉलर थॉमस मुलर ने अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** जर्मनी के थॉमस मुलर ने यूरो 2024 के समापन के बाद सोमवार को अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल से संन्यास ले लिया है। 34 वर्षीय मुलर ने राष्ट्रीय टीम के लिए 131 मैच खेले, 45 गोल किए और 2014 में विश्व कप जीता। मुलर ने अपने फैसले की घोषणा करते हुए एक वीडियो बयान में कहा 131 राष्ट्रीय टीम के खेल और 45 गोल के बाद, मैं अलविदा कह रहा हूं। मुझे हमेशा अपने देश का प्रतिनिधित्व करने पर गर्व था और मैं सभी को धन्यवाद देना चाहता हूं। मैं 2026 के विश्व कप में टीम के लिए एक प्रशंसक के रूप में अपनी उंगलियां क्रास कर रहा हूं, लेकिन अब मैदान पर एक खिलाड़ी के रूप में नहीं। मुलर ने मार्च 2010 में अपना अंतरराष्ट्रीय पदार्पण किया। उन्होंने 2010 विश्व कप में पांच गोल किए, जिसके लिए उन्हें गोल्डन बूट और फीफा यंग प्लेयर अवार्ड मिला। वे जर्मनी की 2014 विश्व कप विजेता टीम का हिस्सा थे, जिसमें ग्रुप चरण में पुर्तगाल के खिलाफ हैट्रिक सहित पांच गोल किए। बेयर्न म्यूनिख का यह खिलाड़ी इस गर्मी की यूरोपीय चैम्पियनशिप में मुख्य रूप से एक विकल्प था, जिसने दो मैचों में 56 मिनट खेले। मेजबान टीम को स्पेन ने अतिरिक्त समय में 2-1 से हराकर अंतिम आठ में बाहर कर दिया था। स्पेन ने रविवार को फाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर खिताब जीता।

# राउंडग्लास और सुरजीत अकादमी ने जारी रखा अपना अजेय अभियान

● सुरजीत हॉकी अकादमी और पीआईएस मोहाली ने जीत हासिल की



**मोहाली। एजेंसी**

राउंडग्लास हॉकी अकादमी (आरजीएचए) और सुरजीत हॉकी अकादमी पीआईएस, जालंधर ने जूनियर आयु वर्ग के लिए उद्घाटन पंजाब हॉकी लीग में अपना अजेय अभियान जारी रखा। तीसरे सप्ताह के मैचों के बाद, आरजीएचए और सुरजीत हॉकी अकादमी (एसएचए) तीन मैचों में क्रमशः नौ और सात अंकों के साथ अंक तालिका में पहले और दूसरे स्थान पर हैं। आरजीएचए ने सभी तीन मैच एकतरफा जीते हैं, जबकि सुरजीत अकादमी ने शूटआउट के कारण दो जीत हासिल की हैं, क्योंकि निर्धारित समय के बाद मैच टाई पर समाप्त हुआ था। लुधियाना के ओलंपियन पृथ्वीपाल सिंह हॉकी स्टेडियम में खेले गए तीसरे सप्ताह के मैचों में आरजीएचए, सुरजीत हॉकी अकादमी और पीआईएस मोहाली ने जीत हासिल की।

रविवार को खेले गए दोनों मुकाबलों का फैसला शूटआउट से हुआ। पहले मैच में नामधारी स्पोर्ट्स अकादमी और सुरजीत हॉकी अकादमी निर्धारित समय तक 4-4 से बराबरी पर थीं। एसएचए ने शूटआउट 4-3 से जीतने और एक अतिरिक्त अंक हासिल करने के लिए अपना हौसला बनाए रखा।

अगले मैच में पीआईएस मोहाली और पीआईएस लुधियाना ने मनोरंजक ढंग से 3-3 से ड्रा खेला लेकिन शूटआउट में मोहाली की टीम 3-1 से जीत गई। आरजीएचए ने पीआईएस लुधियाना को 6-1 से हराकर अजेय रहते हुए तालिका में अपना शीर्ष स्थान बरकरार रखा।

जपनीत सिंह और अमनदीप ने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए दो-दो गोल किए और अर्जनदीप सिंह और इंद्रजीत सिंह ने टीम के लिए स्कोरिंग पूरी की। पीआईएस लुधियाना के लिए नितिन सिंह ने सांत्वना गोल किया।

पंजाब हॉकी लीग का आयोजन राउंडग्लास द्वारा हॉकी पंजाब के सहयोग से किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर के खिलाड़ियों को मूल्यवान मैच अनुभव प्रदान करना, उनके पेशेवर और व्यक्तिगत विकास को बढ़ावा देना है। मैचों का अगला सेट 20 और 21 जुलाई को लुधियाना के ओलंपियन पृथ्वीपाल सिंह हॉकी स्टेडियम और जीवन नगर के नामधारी हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

## स्पेन ने रिकॉर्ड चौथी बार जीता यूरो 2024 का खिताब



● फाइनल में इंग्लैंड को 2-1 से हराया

**बर्लिन। एजेंसी**

निको विलियम्स और मिकेल ओयारजाबल के गोलों की बदौलत स्पेन ने रविवार देर रात बर्लिन के ओलंपियास्टेडियन में खेले गए खिताबी मुकाबले में इंग्लैंड को 2-1 से हराकर यूरो 2024 का खिताब जीत लिया है। स्पेन ने रिकॉर्ड चौथी बार यूरोपीय चैंपियन का खिताब जीता। स्पेन टूनामेंट के 2024 संस्करण में अपराजित रहा और उसने प्रतिष्ठित ट्रॉफी अपने नाम की।

इस बीच, इंग्लैंड की टीम का दो बार फाइनल हारने के बाद यूरो ट्रॉफी जीतने का इंतजार और बढ़ गया। मैच के पहले 15 मिनट में दोनों टीमों ने रणनीतिपूर्ण खेल खेला। हालांकि, स्पेन ने गेंद पर अधिक कब्जा बनाए रखा और दो बड़े मौके बनाने की कोशिश की। इस बीच, इंग्लैंड सिर्फ एक बार शुरूआती गोल करने के करीब पहुंचा। मैच के शुरूआती मिनटों में थ्री लॉयन्स ने संघर्ष किया, वे अपने ही हाफ से बाहर निकलने में विफल रहे क्योंकि स्पेनियों ने मिडफील्ड पर पूरा नियंत्रण कर लिया, जिससे इंग्लैंड के हमलावर को स्पेनिश गोलकीपर, उनाई साइमन को परेशान करने का कोई मौका नहीं मिला। पहले हाफ की सीटी बजने से कुछ मिनट पहले, स्पेन के कप्तान अल्वारो मोराटा ने इंग्लैंड के बॉक्स के अंदर जगह बनाई, लेकिन शॉट लगाने से पहले, इंग्लिश डिफेंडर लापोर्टे ने स्पेनिश खिलाड़ी को ब्लॉक कर दिया।

पहला हाफ गोलरहित समाप्त हुआ, लेकिन स्पेन ने 69 प्रतिशत बॉल पोजेशन रखते हुए थ्री लॉयन्स पर दबदबा बनाए रखा। इस बीच, हैरी केन की टीम के पास केवल 31 प्रतिशत बॉल पोजेशन था।

दूसरा हाफ दोनों टीमों के लिए महत्वपूर्ण होगा, क्योंकि कोई भी मैच को पेनल्टी शूटआउट में नहीं ले जाना चाहता। दूसरे हाफ की शुरूआत स्पेन ने एक बदलाव के साथ की, लुइस डे ला फुएंते ने रॉड्री को चोट लगने के बाद बाहर कर दिया, और मार्टिन जुबिमेंडी ने उनकी जगह ली। मैच के 47वें मिनट में निको विलियम्स ने गोल कर स्पेन को 1-0 की बढ़त दिला दी। मिकेल ओयारजाबल ने 86वें मिनट में गोल करके स्पेन को मैच में 2-1 की बढ़त दिला दी और यही स्कोर निर्णायक साबित हुआ। इसी के साथ स्पेन ने रिकॉर्ड चौथी यूरो कप का खिताब जीत लिया।

### प्रशंसकों द्वारा सुरक्षा गेट तोड़ने के कारण कोपा अमेरिका फाइनल विलंबित

**मियामी।** अर्जेंटीना और कोलंबिया के बीच कोपा अमेरिका फाइनल रविवार (स्थानीय समयानुसार) को हार्ड रॉक स्टेडियम में निर्धारित समय से पहले सैकड़ों प्रशंसकों द्वारा सुरक्षा गेट तोड़ देने के कारण विलंबित कर दिया गया। सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में मियामी गार्डन्स में आयोजन स्थल के दक्षिण-पश्चिम प्रवेश द्वार के पास प्रशंसकों को बैरियर लांघते और पुलिस तथा सुरक्षा कर्मचारियों को चकमा देते हुए दिखाया गया। चीखें सुनी गईं और कुछ लोगों को फ्लोरिडा की भीषण गर्मी में चिकित्सा उपचार प्राप्त करते हुए भी देखा जा सकता है। सोशल मीडिया परदक्षिण अमेरिकी फुटबॉल परिसंघ ने कहा हम सूचित करते हैं कि जिन लोगों के पास टिकट नहीं हैं, वे स्टेडियम में प्रवेश नहीं कर पाएंगे। जब फिर से प्रवेश की अनुमति होगी तो केवल वे लोग ही प्रवेश कर पाएंगे जिन्होंने टिकट खरीदे हैं। मियामी-डेड काउंटी के पुलिस विभाग ने एक बयान जारी किया जिसमें उसने घटनाओं की निंदा की।

## यह ट्रॉफी जीतना मेरे लिए एक सपना है : अल्काराज

**नई दिल्ली। एजेंसी**



स्पेनिश टेनिस स्टार कार्लोस अल्काराज ने कहा कि विंबलडन खिताब जीतना उनके लिए एक सपना है। अल्काराज ने लंदन के सेंटर कोर्ट में नोवाक जोकोविच को रविवार रात 6-2, 6-2, 7-6 (7-4) से हराकर लगातार दूसरा विंबलडन खिताब जीता। मैच के बाद अल्काराज ने कहा कि वह आगे भी खेलना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि सेंटर कोर्ट में खेलना और ट्रॉफी जीतना एक 'शानदार एहसास' था। अल्काराज ने एटीपी की आधिकारिक वेबसाइट के हवाले से कहा यह ट्रॉफी जीतना मेरे लिए एक सपना है मैं आगे भी खेलना चाहता हूँ लेकिन इस खूबसूरत कोर्ट में खेलना और इस अद्भुत ट्रॉफी को उठाना एक शानदार एहसास है। यह सबसे खूबसूरत टूनामेंट, सबसे खूबसूरत कोर्ट और सबसे खूबसूरत ट्रॉफी है। स्पेनिश टेनिस खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने 2024 विंबलडन के फाइनल मैच में जोकोविच के खिलाफ शांत और सकारात्मक रहने की कोशिश की। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि यह एक कठिन मैच था। उन्होंने कहा मेरे लिए यह मुश्किल था। मैंने शांत रहने की कोशिश की, मैंने टाईब्रेक में जाने से पहले, उस स्थिति में सकारात्मक रहने की कोशिश की और अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलने पर फोकस किया।

## ऑस्ट्रेलिया ने सीमित ओवरों की सीरीज के लिए टीम घोषित की



**मेलबर्न। एजेंसी**

ऑस्ट्रेलिया ने स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी श्रृंखला के लिए अपनी टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम की घोषणा कर दी है। टीम में पर्थ स्कॉर्चर्स के ऑलराउंडर कूपर कोनोली को नया चेहरा हैं। ऑस्ट्रेलिया के लिए डेविड वार्नर के बाद का युग शुरू हो गया है, और स्कॉटलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ उनकी सफेद गेंद की सीरीज के लिए एक नई सलामी जोड़ी मैदान पर उतरेगी। ऑस्ट्रेलियाई टीम सितंबर में स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज खेलेगी। ऑस्ट्रेलिया इस महीने के अंत में इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 और पांच वनडे भी खेलेगा।

स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन टी20 मैच 4, 6 और 7 सितंबर को खेले जाएंगे और इंग्लैंड के खिलाफ टी20 सीरीज 11 सितंबर से शुरू होगी। वार्नर की जगह, जेक फ्रेजर-मैकगर्क को दोनों सीरीज के लिए टी20 टीम और इंग्लैंड के खिलाफ वनडे टीम में शामिल किया गया है। फ्रेजर-मैकगर्क खुद को ऑस्ट्रेलिया के लिए लंबे समय तक सलामी बल्लेबाज के रूप में स्थापित करना चाहेंगे। कोनोली ने 15 घरेलू टी20 मैचों में हिस्सा लिया है।

## अर्जेंटीना ने कोलंबिया को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार जीता कोपा अमेरिका खिताब

**मियामी। एजेंसी**



लियोनेल मेसी की कप्तानी में अर्जेंटीना ने सोमवार (भारतीय समयानुसार) को कोलंबिया को 1-0 से हराकर रिकॉर्ड 16वीं बार कोपा अमेरिका का खिताब जीत लिया है। मैच का एकमात्र गोल लाउटारो मार्टिनेज ने किया। मियामी के हार्ड रॉक स्टेडियम में दूसरे हाफ में मेसी को बदले जाने के बाद रोते हुए देखा गया। लेकिन मार्टिनेज ने गोल कर अर्जेंटीना के जादूगर को अपने करियर के अंतिम चरण में अपना दूसरा कोपा अमेरिका खिताब दिला दिया। इस जीत के साथ ही अर्जेंटीना ने कोलंबिया के 28 मैचों से चले आ रहे अपराजित क्रम को भी तोड़ दिया। मैच की शुरूआत अर्जेंटीना द्वारा कोलंबिया के बॉक्स में घुसने की कोशिश से हुई, लेकिन इसे प्रभावी ढंग से टाल दिया गया। कोलंबिया ने जवाबी हमला किया, विंगर लुइस डियाज ने अर्जेंटीना के बॉक्स में तेजी से दौड़ लगाई और एक लो-ड्राइव शॉट मारा, जिसे मार्टिनेज ने आसानी से बचा लिया। एक मिनट बाद, कोलंबिया एक बार फिर गोल करने के करीब आ गया, जेम्स रोड्रिगेज ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए शॉट लगाया, जो गोल पोस्ट के बाहर लगी। पहला हॉफ गोलरहित समाप्त हुआ।

## जेम्स रोड्रिगेज को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी, मार्टिनेज को सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर का पुरस्कार

**मियामी। एजेंसी**



कोलंबिया के जेम्स रोड्रिग्ज को कोपा अमेरिका 2024 का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया है, जबकि अर्जेंटीना के एमिलियानो मार्टिनेज को टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर चुना गया। रविवार (स्थानीय समयानुसार) को फाइनल में कोलंबिया को 1-0 से हराकर अर्जेंटीना को रिकॉर्ड 16वां कोपा अमेरिका का खिताब दिलाया। अर्जेंटीना के नाम अब प्रतियोगिता के इतिहास में सबसे अधिक खिताब दर्ज है, इसके बाद 15 खिताबों के साथ उरुग्वे है।

फाइनल में कोलंबिया के हारने के बावजूद, रोड्रिग्ज ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन किया और टूर्नामेंट में रिकॉर्ड छह असिस्ट दर्ज किए। उनका छठा असिस्ट कोलंबिया की उरुग्वे के खिलाफ सेमीफाइनल में 1-0 की जीत के दौरान आया था। 32 वर्षीय मिडफील्डर रोड्रिग्ज ने अपना छठा असिस्ट हासिल किया और अर्जेंटीना के दिग्गज लियोनेल मेसी के कोपा अमेरिका अभियान में पांच असिस्ट के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। मेसी ने 2021 में अर्जेंटीना के खिताब जीतने वाले अभियान के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। 32 वर्षीय आक्रामक मिडफील्डर ने कोलंबिया के शुरुआती ग्रुप गेम में पैराग्वे के खिलाफ दो असिस्ट हासिल करके अपने अभियान की शुरूआत की। उन्होंने कोस्टा रिका के खिलाफ एक और पनामा के खिलाफ कोलंबिया के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में फिर से दो असिस्ट दर्ज किए।

# वाणिज्य

## ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत, एशियाई बाजारों पर दबाव

**नई दिल्ली। एजेंसी**



ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत मिल रहे हैं। पिछले सत्र के दौरान अमेरिकी बाजार मजबूती के साथ बंद हुए थे। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी आज बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान मुनाफा कमा कर हरे निशान में बंद हुए थे। लेकिन एशियाई बाजार में आज दबाव बना हुआ नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान लगातार तीसरे दिन उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। एसएंडपी 500 इंडेक्स 0.55 प्रतिशत की तेजी के साथ 5,615.35 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 115.04 अंक यानी 0.63 प्रतिशत उछल कर 18,398.45 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स फिलहाल 0.18 प्रतिशत की बढ़त के साथ 40,070.74 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है।

अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान मजबूती बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.36 प्रतिशत की तेजी के साथ 8,252.91 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 1.26 प्रतिशत की छलांग लगा कर 7,724.32 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

## शुरुआती कारोबार में शेयर बाजार में तेजी रिकॉर्ड हाई पर खुले सेंसेक्स और निफ्टी

**नई दिल्ली। एजेंसी**



घरेलू शेयर बाजार में तेजी का रुख नजर आ रहा है। कारोबार की शुरुआत ओपनिंग के नए रिकॉर्ड के साथ हुई। शुरूआती कारोबार में मुनाफा वसूली के चक्कर में मामूली बिकवाली भी हुई। लेकिन शेयर बाजार लगातार हरे निशान में ही कारोबार करता रहा। पहले एक घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.18 प्रतिशत और निफ्टी 0.27 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से एचसीएल टेक्नोलॉजी, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एनटीपीसी के शेयर 2.93 प्रतिशत से लेकर 0.86 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर एशियन पेंट्स, एक्सिस बैंक, टाइटन कंपनी, टाटा स्टील और बजाज फिनसर्व के शेयर 1.21 प्रतिशत से लेकर 0.21 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,261 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 977 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 1,284 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 20 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 10 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 33 शेयर हरे निशान में और 17 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे। बीएसई का सेंसेक्स 167.20 अंक उछल कर ओपनिंग का नया रिकॉर्ड बनाते हुए 80,686.54 अंक के स्तर पर खुला।

## थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंची

**नई दिल्ली। एजेंसी**

महंगाई के मोर्चे पर लोगों के लिए झटका देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित थोक महंगाई दर जून में बढ़कर 16 महीने के उच्चतम स्तर 3.36 फीसदी पर पहुंच गई है।

इससे पिछले महीने मई में यह 2.61 फीसदी पर थी, जबकि अप्रैल में थोक महंगाई दर 1.26 फीसदी थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि जून महीने में थोक महंगाई दर बढ़कर 3.36 फीसदी रही है। मंत्रालय के मुताबिक मुख्य रूप से खाद्य पदार्थों, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे तेल, प्राकृतिक गैस और खनिज तेल सहित अन्य वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक महंगाई दर में बढ़ोत्तरी हुई है। हालांकि, जून 2023 में थोक महंगाई दर 4.12 फीसदी रही थी।मंत्रालय के मुताबिक खाने और पीने की चीजों की कीमतों में लगातार हो रही बढ़ोत्तरी की वजह से थोक महंगाई दर में वृद्धि जारी है। आंकड़ों के अनुसार जून महीने में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) भी बढ़कर चार महीनों के अपने उच्चतम स्तर 5.08 फीसदी पर पहुंच गया है। खाद्य पदार्थों की बढ़ती कीमतों का असर सीपीआई पर भी पड़ा है।

मंत्रालय के मुताबिक जून महीने में खाद्य महंगाई दर बढ़कर 8.68 फीसदी पर पहुंच गई है, जो मई में 7.40 फीसदी रही थी। वहीं, रोजाना की जरूरत वाले सामानों की महंगाई दर 7.20 फीसदी से बढ़कर 8.80 फीसदी हो गई है। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट्स की थोक महंगाई दर 0.78 फीसदी से बढ़कर 1.43 फीसदी रही है।

### सैनस्टार लिमिटेड का आईपीओ 19 को खुलेगा

**मुंबई/नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित प्लांट बेस्ड स्पेशल प्रोडक्ट बनाने वाली कंपनी सैनस्टार लिमिटेड का आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) 19 जुलाई को सब?सक्रिप्?शन के लिए खुलेगा। निवेशक इसमें 23 जुलाई तक निवेश कर सकते हैं। इसका प्राइस बैंड 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी इसके जरिए 510.15 करोड़ रुपये जुटाना चाहती है। कंपनी ने सोमवार को जारी एक बयान में बताया कि उसका आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 19 जुलाई को खुलेगा। निवेशक 23 जुलाई तक निवेश कर सकेंगे। इसके लिए न्यूनतम मूल्य दायरा 90-95 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है। कंपनी के मुताबिक निवेशक इसमें न्यूनतम 150 इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं। उसके बाद 150 इक्विटी शेयरों के मल्टीपल में बोली लगाई जा सकती है। सैनस्टार ने कहा कि कंपनी इस आईपीओ के तहत 397.10 करोड़ रुपये के 4.18 करोड़ फ्रेश इक्विटी शेयर जारी करेगी।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने छह महिनों में उठाए अनेक कल्याणकारी कदम, जनता कर रही है सराहना : सीपी जोशी

चमकता राजस्थान

**जयपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी आज नागौर जिले के दौरे पर रहे जहां उन्होंने जिला कार्यालय में विभिन्न संगठनात्मक बैठकें कर कार्यकर्ताओं में जोश का संचार किया और पदाधिकारियों के साथ खींवसर विधानसभा उप चुनाव सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा कर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। जयपुर से नागौर जाते समय रास्ते में विभिन्न स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने उनका साफा-माला और पार्टी का दुपट्टा पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति के बाद प्रत्येक जिले में मंडलों और शक्ति केन्द्र सहित विभिन्न संगठनात्क बैठकें होनी है। जिनमें पुराने कार्यक्रमों की समीक्षा और आगामी कार्यक्रमों की योजना सहित अनेक विषयों पर चर्चा होगी। आने वाले समय में विधानसभा उप चुनाव है, इसी महीने गुरू पूर्णिमा, कारगिल विजय दिवस और मन की बात जैसे कार्यक्रम है।



भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि नरेन्द्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से रोकने के लिए सभी विपक्षी पार्टियों द्वारा एक होकर कई प्रकार के भ्रम फैलाए गए और देश दुनिया के कई लोगों द्वारा वित्त पोषण किया गया, लेकिन देश की जनता ने तीस-री बार लगातार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मजबूत नेतृत्व को चुना। देश में 62 साल पहले पं. नेहरू लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बने थे लेकिन उस समय विपक्ष नहीं के बराबर था।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और विकसित राजस्थान का संकल्प पूरा होगा। प्रदेश में विधानसभा चुनाव के दौरान भी तमाम दावों और अटकलों के बाद भी प्रचंड बहुमत से भाजपा की सरकार बनी। इससे स्पष्ट है कि प्रदेश की जनता का आशीर्वाद भाजपा के साथ है। उप चुनाव में भी अच्छे परिणाम आऐंगे। जिला बैठक मे प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच, पूर्व सांसद प्रभारी नारायण पंचारिया, किसान आयोग के अध्यक्ष सी आर चौधरी, नागौर सम्भाग प्रभारी पुखराज पहाड़िया, जिलाध्यक्ष रामनिवास सांखला, खीवसर प्रभारी अशोक सैनी, खीवसर पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व विधायक मोहन राम चौधरी, मेड़ता पूर्व चेयरमैन अनिल थानवी, जिला प्रमुख नागौर चैयरमेन नीतू बोथरा सहित अन्य जिला पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष मंत्री व विभिन्न मोर्चा के जिलाध्यक्ष मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### दलित अधिकार सामुदायिक जागरूकता की बैठक आज होगी आयोजित

**चमकता राजस्थान। भरतपुर (राजवीर सिंह)।** दलित अधिकार केंद्र भरतपुर जिला समन्वय दलित अधिकार केंद्र लालाराम ने बताया कि दलित अधिकार केंद्र भरतपुर द्वारा सामुदायिक जागरूकता बैठक का आयोजन आज दिनांक 16 जुलाई 2024 को ग्राम सैपुरा तहसील बयाना में मैं सामुदायिक जागरूकता बैठक का आयोजन सुबह 11:00 बजे से किया जाएगा। जिसमें आर्थिक अधिकारों को लेकर सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी प्रदान कर अधिक से अधिक लोगों को लाभ दिलाने हेतु जागरूक किया जाएगा।

### जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक मंगलवार को होगी आयोजित

**चमकता राजस्थान। धौलपुर( रामदास तरुण )।** धौलपुर, 15 जुलाई 24 को जिला पर्यटन विकास समिति की बैठक का आयोजन मंगलवार को दोपहर 12 बजे जिला कलक्ट्रेट सभाकक्ष में किया जायेगा। उप निदेशक पर्यटन संजय जौहरी ने बताया कि बैठक में वन विभाग द्वारा वन विहार क्षेत्र को विकसित करने पर विचार विमर्श, भारतीय पुरातत्व एवं सर्वेक्षण विभाग द्वारा बाबर गार्डन धौलपुर के विकास हेतु विचार विमर्श, धौलपुर में प्रगतिरत पर्यटन विकास कार्यां पर चर्चा, नगर परिषद एवं वन विभाग धौलपुर द्वारा चम्बल सफारी करने वाले पर्यटकों हेत आधारभूत सुविधाओं का विकास आदि पर चर्चा की जायेगी।

### बुजुर्ग दम्पत्ति से घर में घुसकर मारपीट, मामला दर्ज

- **पीडित दम्पत्ति का आरोप-हत्या के मामलें में राजनीनामा नही करने पर मारपीट कर आरोपी फरार**

**चमकता राजस्थान। नदबई (राजवीर सिंह)।** यहां रेलवे स्टेशन के समीप मीणा कॉलोनी में करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने हत्या के दर्ज मामलें में राजीनामा नही करने पर नाराजगी जताते हुए एक मकान में मौजूद दम्पत्ति के साथ मारपीट की। बाद में पीडित खूबीराम मीना पुत्र सोन्याराम मीना ने मारपीट कर हत्या की धमकी देने का आरोप लगाते हुए आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। पुलिस के अनुसार पीडित खूबीराम मीनाा अपनी पत्नी भगवानदेई के साथ घर में बैठा हुआ। इसी दौरान रुदावल थाना क्षेत्र के गांव खातीपुरा निवासी महेन्द्र पुत्र धनफूल, पवन मीना पुत्र मानसिंह व कालवान निवासी भरतलाल मीनाा सहित करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने हत्या के मामलें में राजीनामा नही करने पर नाराजगी जताते हुए घर में घुसकर बुजुर्ग दम्पत्ति से मारपीट शुरु कर दी। पीडित दम्पत्ति के शोर मचाने पर समीपवर्ती लोगों ने मौके पर पहुंच बीच बचाव करते हुए आरोपियों को पकडने का प्रयास किया। लेकिन, आरोपी मौके से भागने में सफल हो गए। बाद में मामला दर्ज होने पर पुलिस ने आरोपियों का सुराग लगाने का प्रयास किया। लेकिन, सफलता नही मिल सकी।

### वेलनेस सेंटर पर किया पौधारोपण



**चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी। ( सुमेर सिंह राव )।** गुढ़ा रोड चुंगी नंबर 3 पर स्थित आयुर्वेद हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर हरित अभियान के तहत पौधरोपण का कार्यक्रम किया गया। जिस पर चिकित्सा अधिकारी प्रभारी डॉ.राजेंद्र कुमावत ने कहा की वृक्षा रोपण करने से फिज़ा में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ता है तथा पेड़ पौधे स्वच्छ वायु प्रदान करते हैं।देखा जाए तो वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न अंग है और आस पास के वातावरण को हरा भरा और शांत रखते हैं। डॉ.कुमावत ने कहा पेड़ पौधों की हरियाली से ही वातारण सुंदर बनता है साथ ही इस बीच रहने से जीवन जीने का सलीका भी कुछ बदल जाता है।सच पूछे तो पेड़ की छांव में बैठकर समय बिताने का एक अलग ही आनंद होता है। पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण बढ़ाने के लिए यहां के हर्बल गार्डन में रविवार को 7 पौधे और लगाए गए हैं।पर्यावरण स्वच्छ बना रहे और आपदा जन्य बीमारियों से बचाव हो सके इसलिए सभी को इस ऋ्तु में अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। पर्यावरण को बचाने के लिए और पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे इस कार्य हेतु प्रत्यक नागरिक को कम से कम एक पौधा तो जरूर लगाना चाहिए।पौधारोपण के इस पुनीत कार्य में प्रकाश प्रजापति,शिंभू स्वामी,विजय स्वामी,विवेक कुमार,राजेश शर्मा, नाथूराम व ऋतिक स्वामी ने उपस्थित होकर सहयोग किया।

## संगठन एवं एकता में ही है शक्ति : कप्तान सिंह घाटरी

- **सुरेश फौजदार महामंत्री एवं महेन्द्र सिंह कोषाध्यक्ष नियुक्त**
- **बेहतरीन जाट समाज की बैठक में सामाजिक निर्णय**

चमकता राजस्थान



**वैर(राजवीर सिंह)** बेहतरीन जाट समाज वैर-भुसावर की ओर से उपखण्ड भुसावर और वैर क्षेत्र की जाट समाज तथा कार्यकारिणी की बैठक कस्वा भुसावर स्थित घाटरी भवन पर अध्यक्ष कप्तान सिंह घाटरी सरपचं की अध्यक्षता में हुई। जिसमें सामाजिक निर्णय लेंने के अलावा कार्यकारिणी का विस्तार,महिला सशक्तिकरण,शिक्षा,रोजगार आदि पर चर्चाए हुई और सर्व सम्मति से बेहतरीन जाट समाज वैर-भुसावर का गांव सरसैना निवासी सुरेश सिंह फौजदार पीटीआई तथा कस्वा वैर निवासी महेन्द्र सिंह पीटीआई को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बेहतरीन जाट समाज वैर-भुसावर अध्यक्ष कप्तान सिंह घाटरी सरपचं ने कहा कि संगठन और एकता में ही शक्ति है,समाज के हित में संगठित एवं आपसी मनमुटाव दूर कर कार्य करे। उन्होने कहा कि संगठन के विस्तार के लिए ग्राम पंचायत एवं गांव स्तर पर कार्यकारिणी बनाए,साथ ही वैर-भुसावर उपखण्ड को ब्लॉक में विभाजित कर संयोजक नियुक्त किए जाए। जिस प्रकार से पहले बनाए गए। साथ ही समाज के हित में कार्य करने वाले व्यक्ति को संगठन से जोडा जाए। उन्होने कहा कि समाज के प्रतिभान एवं मेधावी बच्चों का सम्मान करे और उनकी शिक्षा के क्षेत्र में मदद करे। हमे समाज को मजबूत बनाने के लिए शिक्षा,रोजगार,कृषि,बागवानी,व्यवसाय आदि की ओर ध्यान देकर समाज में व्याप्त बुराईयों को दूर करना होगा। उन्होने बताया कि बेहतरीन जाट समाज वैर-भुसावर कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए सर्व सम्मति से गांव सरसैना निवासी सुरेश सिंह फौजदार पीटीआई तथा कस्वा वैर निवासी महेन्द्र सिंह पीटीआई को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में जिला परिषद सदस्य किशन सिंह पप्पू छौंकरवाडा कलां,पूर्व जिला परिषद सदस्य ईश्वर सिंह बल्लभगढ,पूर्व जिला परिषद सदस्य फत्ते सिंह फेंटा,हरीराम डागुर सरपचं हतीजर,फूल सिंह ठेकेदार पाली,महाराज सिंह,डूंगर सिंह,बृजेन्द्र सिंह,राजवीर सिंह बेरी,बच्चू सिंह,नेमी सिंह आदि मौजूद रहे।

## आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल 2024

### खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई ने हैंडबॉल के स्वर्ण पदक विजेताओं का किया सम्मान



चमकता राजस्थान

**जयपुर।** खेल राज्य मंत्री, राजस्थान सरकार केके विश्नोई ने सोमवार को आईएचफ़ ट्रॉफी हैंडबॉल 2024 में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय यूथ व जूनियर टीम में शामिल राजस्थान के खिलाड़ियों, कोच व मैनेजर को मेडल पहनाकर सम्मानित किया।

खेल मंत्री केके विश्नोई ने खिलाड़ियों की हौसला आफजाई करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा आगामी प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाये दी। उन्होंने कहा कि आप इसी तरह देश के साथ साथ प्रदेश का नाम भी रोशन करते रहे। ऐसी मेरी कामना है। भारतीय यूथ टीम में राजस्थान के कृतवर्य प्रताप सिंह (जयपुर), महेंद्र पाल सिंह (बाड़मेर) व प्रवेश (झुनझुनु) से थे। जबकि जूनियर टीम प्रदेश के जसप्रीत सिंह, विशाल सुथार (श्रीगंगानगर) व नयन शेखावत (सीकर) से थे। इस टीम के कोच राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद के हैंडबॉल प्रशिक्षक प्रियदीप सिंह खंगारोत थे। वही टीम मैनेजर राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव याद प्रताप सिंह थे। इस अवसर पर हैंडबॉल एसोसिएशन इंडिया के महासचिव डॉ. तेजराज सिंह भी उपस्थित थे। उन्होंने खेल राज्य मंत्री केके विश्नोई को प्रतियोगिता का स्मृति चिन्ह भी प्रदान किया।

## बामलास धाम में चल रही कथा में दूसरे दिन सुनाया भागवत की रचना और प्राकट्य प्रसंग

चमकता राजस्थान / उदयपुरवाटी



( सुमेर सिंह राव ) निकटवर्ती गुढागोड़जी। क्षेत्र के प्रसिद्ध प्राचीन वैष्णव संतो की तपोस्थली बामलास धाम में महंत लक्ष्मण दास महाराज के सानिध्य में चल रही है श्रीमद् भागवत कथा के दूसरे दिन कथावाचक सुशीलानंद द्वारा भागवत की रचना और प्राकट्य प्रसंग सुनाया गया। कथा में श्रृंगी ऋषि के द्वारा राजा परीक्षित को कलयुग के श्राप से तक्षक सर्प के डसने से 7 दिन में मृत्यु का श्राप तथा राजा का अन्य जल त्याग कर गंगा किनारे अनशन पर बैठना सुखदेव द्वारा राजा परीक्षित को भागवत का प्रवचन सुनाना तथा राजा परीक्षित के पूर्वजों के उद्धार की कथा सुनाई गई जिसमें धृतराष्ट्र और गांधारी के जीवन में अभिलाषा इच्छा इतनी जटिल होते हुए भी अपने भाई के बेटे पांडवों द्वारा वहीं पर रहकर उनकी सेवा लेना विदुर जी द्वारा उनको वन गमन करवाना कुंती माता के द्वारा भगवान का बार-बार वंदन करना और उत्तरा के गर्भ में पल रहे अभिमन्यु पुत्र परीक्षित की रक्षा भगवान द्वारकाधीश के द्वारा करवाई गई। द्रोपती के द्वारा उत्तरा को उपदेश देना कि भगवान कृष्ण के अलावा इस संसार में कोई भी सहारा नहीं है यानी एक ही सहारा भगवान है सब के नाथ जगन्नाथ हैं। भीष्म द्वारा युधिष्ठिर के अशांत मन को शांत करवाना धर्म की स्थापना आदि का वर्णन किया गया। बीच-बीच में भजनों की प्रस्तुति से श्रोता झूम उठे। आज की कथा के मुख्य यजमान गौरी शंकर शर्मा और मदनलाल बागोरिया रहे। महाआरती के पश्चात राधेश्याम स्वामी द्वारा उपस्थित भक्तों को फलाहार का प्रसाद वितरित किया गया। इस दौरान मदन बागोरिया, चतरु राम महरानियां, राजेश गोदारा, कैलाश शर्मा, सतवीर शर्मा, राजेश स्वामी, लाल सिंह शेखावत, विकास रेपसवाल, राम सिंह खरबास, कालूराम स्वामी, आनंद, रवि शर्मा गुढा, मदन सिंह शेखावत, लीलू राम खटीक सहित काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

### बेटे के जन्मदिन पर 51 पौधे भेंट कर पेश की अनूठी पहल



**चमकता राजस्थान।** हिंडौन सिटी (राजवीर सिंह)। हिंडौन सिटी ब्लॉक के गांव करई के सामाजिक कार्यकर्ता पुष्पेन्द्र गारूवाल ने अपने बेटे जय गारूवाल के जन्मदिन पर ग्रामीणों को 51 पौधे देकर पर्यावरण संरक्षण की अनूठी पहल की है। एवम्-साथ ही दिए गए पौधो को ग्रामीणों के साथ मिलकर रोपण भी कराया। पर्यावरण संरक्षण की अलख जगा रहे पुष्पेन्द्र गारूवाल ने बताया कि इससे पहले भी सरकारी कार्यालयों, गैर सरकारी कार्यालय सभी पर वृक्षारोपण कर चुके हैं। इस मौके पर नरेन्द्र गारूवाल, रीना आशा सहयोगिनी,विकेश, सुरेन्द्र,रवि, विकाश, रिको, लता देवी,मीना, पूजा,ज्योति,ममता,ऊषा कुमारी,चंचल,सूरज,चंद्रेश,रेशमा,विशाल शेखर,संदीप,यश आदि मौजूद रहे।

### रोडवेज ने दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जारी किए दिशा निर्देश

**चमकता राजस्थान। जयपुर।** रोडवेज प्रबंधन सड़क दुर्घटनाओं को लेकर गंभीर है। राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए दिशा निर्देश जारी किए है। उन्होंने निगम के अनुबंधित चालकों को स्वस्थ और तनावमुक्त रखने हेतु उनके श्रम कानून के तहत नियमित विश्राम सुनिश्चित करने के लिए निर्देश दिये है। निगम प्रबंधन ने इसकी पालना के लिए अनुबंधित वाहनों के स्वामियों को भी पाबंद करने के लिए आदेश जारी किये है। इसके साथ ही चालकों को मार्ग पर भेजने से पहले ब्रेथ ऐनेलाईजर से परीक्षण सहित नेत्र एवं शारीरिक परीक्षण, वाहनों के नियमित फिटनेस के साथ प्रत्येक वाहन में अग्निशमन यंत्रों एवं फर्स्ट एड बॉक्स की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। रोडवेज प्रबंधन ने सभी कर्मचारी/चालकों/परिचालकों को इन दिशा निर्देशों की सख़्ती से पालना के लिए पाबंद किया है ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सकें।

## कुलदीप कटारिया पूर्व चेयरमैन के जन्मदिन पर लगा रक्तदान शिविर

चमकता राजस्थान




जयपुर। कांग्रेस नेता कुलदीप कटारिया के जन्मदिवस के अवसर पर जगराम फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 5 कम्युनिटी सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया गया जिसमें सैकड़ो युवाओं ने अपने नेता के जन्मदिन के अवसर पर रक्तदान कर जन्मदिन की बधाई दी ।

इस अवसर पर कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव विधायक चिरंजीव राव , पूर्व मंत्री सुखबीर कटारिया पालम 360 के प्रधान सुरेंद्र सोलंकी ने कुलदीप कटारिया को जन्मदिन की बधाई देते हुए कहा कि कुलदीप कटारिया हर वर्ष अपने जन्मदिन पर रक्तदान शिविर लगाते है जो एक बहुत ही सहरानिय काम है,रक्तदान महादान होता है रक्तदान करके हम किसी की ज़िंदगी बचा सकते है और हर आदमी को साल में एक बार रक्तदान ज़रूर करना चाहिए,सबने बधाई देते हुए उनके स्वस्थ एवं सुखी जीवन की कामना की ,रक्तदान शिविर में कांग्रेस के बहुत सारे नेता व कुलदीप कटारिया के समर्थक मौजूद रहे ।

## आम सूचना

मैं मोहम्मद शाकिर कुरैशी पुत्र मोहम्मद जाफर कुरैशी जाति मुसलमान आयु अड़तालिस वर्ष निवासी जीवा चौधरी की गली,एम डी रोड,जवाहर नगर जयपुर, राजस्थान ने बाबा आर एन गोड गृह निर्माण सहकारी समिति लिमिटेड से एक प्लॉट प्लॉट नम्बर चार ,न्यू गोल्डन एंक्लेव ,खो नागौरियॉंन जयपुर जो की 78 गज का है क्रय कर रखा है

यह प्लॉट मैंने राशिद ख़ान पुत्र बूंदों ख़ान जाति मुसलमान आयु 45 वर्ष निवासी बड़ी मस्जिद के पीछे खो नागौरियॉंन,जगतपुरा रोड जयपुर से बारह लाख में क्रय करने का क़रार किया है जिसके पेटे मैंने राशिद ख़ान को 1,11,000(एक लाख ग्यारह हज़ार) रुपये बतौर एडवांस दे रखे हैं।

अब पता चला है कि उक्त प्लॉट प्लॉट नम्बर चार गोल्डन एनक्लेव,खो नागौरीयॉं ,गोनेर रोड ,जयपुर सेक्टर प्लान में रोड में आ रहा है।

अब मैं राशिद ख़ान से बतौर एडवांस दिए गए एक लाख ग्यारह हज़ार रुपया वापस माँग रहा हूँ लेकिन वो देने से इनकार कर रहा है अत: हर ख़ास ओ आम को सूचित किया जाता है कि उक्त प्लॉट को कोई मेरे से बिना पूछे ख़रीद फ़रोख़्त न करें अन्यथा उसकी स्वयं की ज़िम्मेदारी होगी।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक अभय सिंह चौहान के लिए एम बी प्रिंटर्स, सी 74 सुदर्शन पूरा, जयपुर से मुद्रित एवं 1ए देवी नगर विस्तार, देवी नगर गली नं. 6 जयपुर 302019 से प्रकाशित। सम्पादक : अभय सिंह चौहान, मोबाइल : 9314505000 (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार) संपादक : खलील कुरैशी, मोबाइल : 7891542929